दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
8 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं
● नई दिल्ली। शनिवार 08 मार्च-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 78 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3

# इनको तो मिल रही है बस 'तारीख पर तारीख'

# मगर आपकी है 12 तारीख




बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

# 12 मार्च के लिए पार्षद कर रहे हैं रंगों का इंतजाम




बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

8 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। शनिवार 08 मार्च-2025 | वर्ष: 10 अंक: 78 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य: ₹3




# गाजियाबाद में होंगे 1963 करोड़ से विकास कार्य

## निगम की बोर्ड बैठक में बन गया शहर संवारने का प्लान

गौरव शशि नारायण

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम की लंबे समय बाद बोर्ड बैठक हुई। तो यह बोर्ड बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई, जो की रात करीब 9 बजे के आसपास जाकर समाप्त हुई। इस दौरान सुबह से लेकर रात तक बोर्ड बैठक में कई बार पार्षदों, अधिकारियों और प्रस्तावों को लेकर हंगामा और नोकझोंक भी हुई। तो वहीं गाजियाबाद नगर निगम आने वाले दिनों में 1963 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराएगा। इसी के साथ

**- वेंडिंग जोन कमेटी के मामले पर होगी अभी और चर्चा**

**- स्मार्ट पार्किंग का पार्षदों ने जताया विरोध, महापौर ने जांच कमेटी को भेजी**

स्मार्ट पार्किंग के मुद्दे को लेकर नगर निगम में जब प्रस्ताव रखे जा रहे थे, तो पार्षदों ने विरोध किया। जिसके बाद महापौर ने इसके लिए जांच कमेटी और शासन को प्रस्ताव पर चर्चा करने की जानकारी दी है। वही वेंडिंग जोन कमेटी को लेकर भी जांच होगी, स्थान तय किए जाएंगे और नई जगह तलाश की जा रही है। इसके साथ ही नगर निगम अपने सभी बारात घरों को आधुनिक रूप से विकसित करेगा और फिर निजी बैंक्विट हॉल की तुलना में कम दरों पर आम लोगों को इसे उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं निगम डीएम सर्किल रेट पर हाउस टैक्स नहीं लिया जाएगा, इसके साथ ही शुक्रवार को सदन में 55 में से 52 प्रस्तावों पर मोहर लग गई है। कुछ को लेकर जांच कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा, तो कुछ पर अभी चर्चा होनी है। इसके साथ ही नई संपत्तियों पर हाउस टैक्स नगर निगम प्रस्ताव पारित हुआ है जो शासन के निर्देशों पर नगर निगम अनुपालन करेगा। इस दौरान नगर निगम 1795 करोड़ की आय भी करेगा। बोर्ड बैठक में शामिल प्रस्तावों में स्मार्ट पार्किंग के लिए शामिल प्रस्ताव पर आरडीसी में डेमो होगा। इसके बाद इस प्रस्ताव को अन्य जगह लागू किया जाएगा। पार्किंग के लिए दरें भी तय की गई हैं। इसके अलावा कूड़ा निस्तारण के लिए होटल, रेस्टोरेंट समेत अन्य फूड कोर्ट को निगम की एनओसी लेना अनिवार्य होगा। सड़क की चौड़ाई के आधार पर कर का निर्धारण करने के प्रस्ताव को भी सदन में पास कर दिया गया।








### वायु प्रदूषण सुधारने के लिए खर्च किए जा रहे हैं 71 करोड़ रुपए




करंट क्राइम : नगर आयुक्त और महापौर ने इस दौरान बोर्ड बैठक के दौरान पार्षदों को जानकारी दी है कि गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति सुधारने, सड़कों को बेहतर करने ताकि धूल ना उड़े, इसके लिए लगभग 71 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### नगर निगम ने टैक्स कलेक्शन में की 25% की बढ़ोत्तरी



करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल ने बोर्ड बैठक के दौरान पार्षदों को जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष में टैक्स कलेक्शन बेहतर ढंग से किया गया है। इसमें पार्षदों का भी अहम रोल है। उन्होंने बताया कि लगभग 25 प्रतिशत अधिक टैक्स वसूली की गई है।

### महापौर और नगर आयुक्त ने सभी महिलाओं को दी प्राथमिकता

करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक थी, इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल ने सदन में मौजूद महिला पार्षदों को इंटरनेशनल वूमेंस डे से पहले गिफ्ट देने का काम किया। सदन में सबसे पहले पार्षदों ने जो समस्या रखी, उसमें महिलाओं को पहला नंबर रहा। लगभग सदन में मौजूद 22 महिला पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याएं रखी, अपना परिचय दिया और यह पहला मौका था, जब सदन में मौजूद सभी महिला पार्षदों ने अपनी बात रखी। इस दौरान पार्षद शशि सिंह ने बवाग कंपनी और सफाई कर्मचारियों को विषय को रखा। तो वहीं शशि, पूनम सिंह ने विजयनगर जोन में पार्कों की बदहाली और हरियाली के विषय को भी रखा।

### स्मार्ट पार्किंग को लेकर पार्षदों ने जताया विरोध



करंट क्राइम : शुक्रवार को बोर्ड बैठक के दौरान नगर निगम में पार्षदों ने स्मार्ट पार्किंग के लिए नए स्थानों का चयन और शहर में नए पार्किंग जोन व नॉन पार्किंग जोन घोषित किए जाने का विषय उठा, तो इस पर पार्षदों ने विरुद्ध दर्ज कराया। जहां श्रेणी ए क्षेत्र में पार्किंग शुल्क की दर 40 रुपये घंटा चार पहिया और 20 रुपये पहले 2 घंटे के दो पहिया वाहनों के लिए थे, जबकि श्रेणी बी में भी यही रेट रखा गया था। इसको लेकर पार्षदों ने विरोध जताया था।

### वेंडिंग जोन को लेकर अभी जारी है चर्चा और स्थान का चयन

करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम में हुई बोर्ड बैठक के दौरान वेंडिंग जोन का मुद्दा भी प्रस्तावों के दौरान गर्माया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों और महापौर ने वेंडिंग जोन को लेकर अभी और चर्चा किए जाने पर जोर दिया है। वहीं उपयुक्त स्थान चुने जाने की बात की है। बता दें कि वेंडिंग जोन और सड़क पर बाजार वाला मुद्दा बीते कई महीनो से लगातार गर्माया हुआ था। इसको लेकर अलग राजनीति शुरू हो रही थी, तो इस मामले में खुद मुख्य सचिव को भी बयान जारी करने पड़े थे।

### नगर निगम सुधरेगा सामुदायिक केंद्र व बारात घर

करंट क्राइम : नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए भी ध्यान दे रहा है। इसी कड़ी में अब नगर निगम अपने सभी पुराने सामुदायिक केंद्र और बारात घरों को आधुनिक रूप में विकसित करेगा। इनको पहले से ज्यादा सुंदर और आकर्षित बनाया जाएगा ताकि आम लोग यहां अपने फंक्शन आयोजित कर सकें और उनका निजी बैंकट हॉल की तुलना में धन भी कम खर्च करना पड़े। नगर निगम में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी जोन के प्रभारियों को इस दिशा में काम करने का निर्देश भी दिया है।

### कूड़ा निस्तारण के लिए एनओसी जरूरी

करंट क्राइम : बैंक्वेट हाल, मैरेज हाल, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा समेत तमाम फूड कोर्ट को कूड़ा निस्तारण के लिए एनओसी लेनी होगी। निगम इन संस्थाओं से अगर कूड़ा उठाएगा तो यूजर चार्ज वसूलेगा, जो संस्था कूड़ा निस्तारण कर रही हैं, उन्हें व्यवस्था दिखाने के बाद एनओसी जारी की जाएगी। कूड़ा निस्तारण नहीं करने पर पहली बार में 25 हजार जुमार्ना, दूसरी बार में 50 हजार और तीसरी बार एक लाख रुपये और एफआइआर दर्ज कराई जाएगी।

### सड़क की चौड़ाई के अनुसार होगा कर निर्धारण

करंट क्राइम : संपत्ति कर निर्धारण के लिए नया प्रस्ताव सदन में पेश किया जाएगा। अब सड़क, फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई के आधार पर संपत्ति कर का निर्धारण अब होगा। इसके लिए सड़क की चौड़ाई को तीन भागों में बांटा गया है। 24 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क, 12 से 24 मीटर के बीच चौड़ी सड़क और 12 मीटर से कम चौड़ी सड़क शामिल हैं। फिलहाल भवन के अनुसार संपत्ति कर का निर्धारण होता है, जिसमें सड़क की चौड़ाई के संबंध में भिन्नता रहती है।

### तुराब नगर बाजार अब सीताराम बाजार

करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान गाजियाबाद के सबसे पुराने और प्रसिद्ध बाजार तुराब नगर बाजार को सीताराम बाजार के नाम से जाना जाएगा। नगर निगम की बोर्ड बैठक में तुराब नगर बाजार का नाम सीताराम बाजार होना चाहिए प्रस्ताव रखा गया। यह प्रस्ताव सर्व सहमति से पास हो गया है।

### अब किरायेदारों को भी देना होगा कूड़ा टैक्स



करंट क्राइम : शुक्रवार को हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान नया विषय निकलकर आया है। जिसमें कहा गया है कि किरायेदारों को भी अब कूड़ा कलेक्शन टैक्स देना होगा। नगर निगम और पार्षदों के साथ ही स्थानीय रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व अन्य संस्थाओं का सहयोग लेकर इस पर प्रारूप बनाकर जल्दी इसे अमल में लाया जाएगा।

### अटल चौक पर लगेगी 6 फुट की अटल जी की प्रतिमा



करंट क्राइम : नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान वसुंधरा के पार्षदों ने अटल चौक के विषय को रखा, तो नगर निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि यहां जल्द ही अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेई की 6 फुट की प्रतिमा लगाई जाएगी, जो बेहद आकर्षक और भव्य होगी।

### बंदर का मुद्दा और कुत्ते का मुद्दा भी उठा



करंट क्राइम : नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान शुक्रवार को कई पार्षदों ने बंदर पकड़े जाने का मुद्दा और कुत्तों के आतंक के विषय को रखा। उन्होंने कहा कि नगर निगम को इसकी कोई ठोस व्यवस्था करनी चाहिए, जबकि नगर निगम के अधिकारियों का कहना था कि इस विषय में प्रमुख सचिव लखनऊ तक पत्र और कार्रवाई को लेकर गाइडलाइंस ली गई है लेकिन इस पर कुछ ठीक प्रकार से हल नहीं निकल रहा है।



### इंदिरापुरम में सीवर लाइन में कट्टे लगाने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

करंट क्राइम : इंदिरापुरम नगर निगम को हैंडओवर हो चुका है और बीते दिनों यहां की सीवर की समस्या की वजह से नगर निगम के अधिकारियों और काम करने वाली एजेंसी को काफी परेशान होना पड़ा था। महापौर सुनीता दयाल ने जानकारी दी है कि उनको पता चला है कि यहां नगर निगम और पूर्व की जो कंपनी यहां सफाई का काम कर रही थी, उसकी मिली भगत से सीवर लाइन में कट्टे लगा दिए गए थे, जिससे सीवर ओवरफ्लो और पानी बैक की समस्या हो गई थी। तो उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी हैं उन पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### 55 में 52 प्रस्ताव पर लगी मोहर



करंट क्राइम : नगर निगम में लंबे समय बाद शुक्रवार को बोर्ड बैठक हुई। बोर्ड बैठक सुबह 11 से रात लगभग 9 बजे तक चली। इस दौरान शहर के विकास कार्यों और कई अन्य योजनाओं को लेकर पार्षदों और अधिकारियों ने जमकर मंथन किया। तो कई विषयों पर सहमति भी नजर आई है। इस दौरान कुल नए 55 प्रस्ताव वर्ष 2024 25 के लिए थे, उसमें से 52 को पास कर दिया गया है। कई प्रस्ताव ऐसे थे जिस पर ठीक प्रकार से चर्चा नहीं हो पाई, उन पर आने वाले दिनों में बातचीत की जाएगी।

### शत्रु सम्पत्ति के मामले को फिर उठाया पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने

## कहा, मुख्यमंत्री लें इस मामले पर संज्ञान और करें पंजाबी समाज पर आई इस आफत का निदान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शत्रु सम्पत्ति का मामला मोदीनगर से लेकर गाजियाबाद के बजरिया इलाके में गूंज रहा है। बजरिया इलाके में लगभग 16 हजार गज जमीन है और यह पूरी भूमि शत्रु सम्पत्ति घोषित की गई थी। 1947 में जो लोग देश के बंटवारे के बाद पाकिस्तान से भारत आए थे उन्हें पाकिस्तान में उनकी संपत्ति के क्लेम में यह भूमि दी गई है। हिमांशु लव ने कहा कि बजरिया में इन जमीनों के मालिक 70 साल से यहां रह रहे हैं और अब शत्रु सम्पत्ति विभाग इन लोगों से कागज मांग रहा है। कमाल की बात ये है कि शत्रु सम्पत्ति विभाग के पास अपना कोई रिकॉर्ड नहीं है और वो



बैनामा धारक लोगों से कागजात मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग परेशान हैं और वो अब अपनी संपत्ति गवाने के डर से केवल रिकॉर्ड तलाशने में ही एक से डेढ़ लाख रुपए खर्च कर चुके हैं। वो पुराना रिकॉर्ड ढूंढ रहे हैं। जब पाकिस्तान से आए लोगों को ये क्लेम मिला था तो 1950 में ही सरकार ने तब बैनामे किये थे, लेकिन अब पटवारी और तहसीलदार इन बैनामों को मानने को तैयार नहीं है। लोग परेशान हैं और बजरिया में जो लोग परेशान हैं उनमें 90 प्रतिशत लोग पंजाबी समाज के हैं। ऐसे कई लोग हैं जिन्होंने हिंदुओं से ही मकान खरीदे। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वह इस मामले पर संज्ञान लें और लोगों की इस समस्या का निदान हो। उन्होंने कहा कि एमएलसी दिनेश गोयल भी इस मामले को विधान परिषद में उठा चुके हैं। लोग परेशान हैं और शत्रु सम्पत्ति के नाम पर उन्हें डराया जा रहा है।

## भाजपा महिला सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन आज





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज भाजपा महानगर की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मेलन तथा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

इस कार्यक्रम की संयोजक महानगर महिला मोर्चा की मंत्री सुषमा गंगवार है। भाजपा महानगर अध्यक्ष तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारियों से महिला दिवस कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। खास बात ये है कि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने महिला सम्मेलन और सम्मान समारोह में भाजपा के सभी मोर्चे की महिला कार्यकताओं की उपस्थिति अनिवार्य बताई है।

### निकला लोनी की प्रमुख समस्या का समाधान

## बेहटा हाजीपुर नहर वाली सड़क पर होगा चौड़ीकरण का काम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी की प्रमुख समस्याओं में बेहटा हाजीपुर नहर की सड़क के चौड़ीकरण के काम भी शामिल है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुजर्र लगातार इस सड़क के चौड़ीकरण के लिये आवाज उठा रहे थे। उन्होंने चुनाव में जनता से वादा भी किया था। वो लगातार पत्राचार और विधानसभा में इस विषय को उठा रहे थे। अब विधायक ने कहा कि जो कहा सो किया और लोनी के लिये ऐतिहासिक सौगात आ गई। सड़क निर्माण के लिये औपचारिक जी.ओ. प्रशासन ने जारी कर दिया है। 13 करोड़ 99 लाख की लागत से यहां शानदार सड़क का निर्माण होगा। सबसे बड़ी बात ये है कि इस सड़क के चौड़ीकरण के बाद लोनी बॉर्डर पर रहने वाले कई दर्जन वार्डवासियों को आवागमन की






सुगम सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। लोनी में रहने वालों के लिये ये मार्ग बाइपास का भी काम करेगा। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सदन में यह विषय उठाने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति देकर लोनी के विकास को गति प्रदान की है।

# होली आई रे

# बरसाना में सीएम योगी ने खेली फूलों की होली

**मथुरा के बरसाना में सीएम योगी होली महोत्सव में पहुंचे। यहां सजे मंच पर भव्य रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंच पर सीएम योगी के आते ही कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, शैलजकांत मिश्र, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, पूरन प्रकाश विधायक आदि ने पटुका पहनाकर स्वागत किया।**









**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रज की रज में कन्हैया के दर्शन हर कोई करता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे बार-बार यहां आने का मौका मिलता है। आगे कहा कि महाकुंभ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। सनातन की एकता का अकल्प समागम दुनिया ने देखा। इसकी सफलता के लिए सनातनियों का आभार जताया। भारत के तीन तीर्थ में काशी उत्तर प्रदेश में है। राम की जन्मभूमि भी इसी उत्तर प्रदेश में है और कृष्ण कन्हैया की पावन जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश में है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विरासत और विकास की परंपरा शुरू हुई, वह महाकुंभ में देखने को मिली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। बरसाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं।

## बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है। होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी। सीएम ने इससे पहले श्री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है। सीएम योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है।

महाकुम्भ ने जहां दुनिया को एकता का संदेश दिया, वहीं होली इसे और मजबूत करती है। उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली और लड्डूमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।

### श्रीराधारानी के श्रीचरणों में ब्रज भूमि के विकास का निवेदन

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह होली के अवसर पर श्री राधारानी जी के श्रीचरणों में इसी निवेदन के साथ पहुंचे हैं। उन्होंने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया। सीएम ने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संतजन विनोद बाबा, रामसुख दास, माधवदास मौनी बाबा, फलहारी बाबा, मंत्रीगण संदीप सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायकगण मेघश्याम सिंह, पूरण प्रकाश, राजेश चौधरी, योगेश चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, भाजपा नेता निर्भय पांडेय, घनश्याम सिंह लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष बरसाना विजय सिंह, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं गीतांजली शर्मा ने अपने समूह के साथ नृत्य के जरिए फूलों की होली पर विशेष प्रस्तुति दी।

# संभल में जुमे की नमाज को लेकर भारी पुलिस बल तैनात, आरआरएफ और पीएसी की तैनाती

**संभल।** संभल में होली से पहले विवादित स्थल (जामा मस्जिद) के पास भारी सुरक्षाबल तैनात किया गया है। विवादित स्थल पर जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए 3 लेकर की सुरक्षा लगाई गई है। मौके पर पीएसी भी तैनात की गई है। इसके अलावा प्रशासनिक अफसरों के साथ सभी मजिस्ट्रेट अलर्ट मोड पर हैं। सदर कोतवाली और नखासा क्षेत्र में बनाए गए प्वाइंट पर पुलिस-पीएसी मुस्तैद है।



### ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जा रही नजर

इलाके में चप्पे-चप्पे पर पुलिसबल तैनात है। सीसीटीवी और ड्रोन से पूरे इलाके में नजर रखी जा रही है। बता दें कि विवादित स्थल के दोबारा सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। उसके बाद हिंसा वाले क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे इलाके में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा एलआईयू को भी अलर्ट रखा गया है। संवेदनशील इलाके में सादा कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

**सीओ अनुज चौधरी का भी आया बयान :** गुरुवार को होली को लेकर हुई बैठक में सीओ अनुज चौधरी ने एक बयान में कहा था, ह्यजुम्मा साल में बार-बार आता है और होली एक बार आती है।

मुस्लिम समुदाय के लोगों में जिस किसी को लगता है कि होली के रंग से आपका धर्म भ्रष्ट हो जाएगा या जो भी है तो वह उस दिन घर से न निकले। और यदि निकले तो उसका इतना बड़ा दिल होना चाहिए कि सब एक जैसे हैं, रंग तो रंग है।

जिस तरह मुस्लिम पक्ष पूरे साल ईद का इंतजार करता है, उसी तरह से हिंदू पक्ष भी होली का इंतजार कर रहा है। ये हिंदू पक्ष के लिए भी है कि यदि कोई इससे बच रहा है तो उस पर भी रंग न डाले।

# 'पाकिस्तानी कार्ड' भी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण से नहीं बचा पाया, अमेरिकी कोर्ट से अपील खारिज

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से 2008 मुंबई हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को बड़ा झटका लगा है। भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई है।

जज एलेना कगान ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका खारिज की। 26/11 मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा ने भारत प्रत्यर्पण किए जाने से बचने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उनके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। याचिका में तहव्वुर राणा ने कहा था कि अगर मुझे भारत प्रत्यर्पित किया गया तो मुझे प्रताड़ित किया जाएगा। मैं भारत में ज्यादा सर्वाइव नहीं कर पाऊंगा।



**तहव्वुर राणा ने याचिका में क्या कहा था? :** राणा ने अमेरिकी कोर्ट के समक्ष अपनी याचिका में कहा था कि पाकिस्तान मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में बहुत अधिक प्रताड़ित किया जाएगा। ह्यूमन राइट्स वॉच 2023 की वर्ल्ड रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बीजेपी सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों विशेष रूप से मुस्लिमों के साथ भेदभाव करती है।

याचिका में कहा गया था कि भारत की सरकार लगातार तानाशाही होती जा रही है और इसके पर्याप्त कारण हैं कि भारत सरकार को सौंपे जाने पर उसे प्रताड़ित किया जाएगा।

तहव्वुर राणा ने कहा था कि वह कई तरह की बीमारियों से जूझ रहा है। वह पार्किंसंस की समस्या से भी जूझ रहा है। ऐसी जगह नहीं भेजा जाए, जहां राष्ट्रीय, धार्मिक और सांस्कृतिक तौर पर उन्हें निशाना बनाया जाएगा।

**कौन है तहव्वुर राणा? :** तहव्वुर राणा का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। उसने आर्मी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई की और पाकिस्तान आर्मी में 10 साल तक बतौर डॉक्टर काम काम किया। लेकिन तहव्वुर राणा को अपना काम पसंद नहीं आया और उसने ये नौकरी छोड़ दी। भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल रहने वाला तहव्वुर राणा अभी कनाड़ा का नागरिक है। लेकिन हाल में वह शिकागो का निवासी था, जहां उसका बिजनेस है।

# आईएफएस अधिकारी ने इमारत से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी इलाके में एक आईएफएस (भारतीय विदेश सेवा) अधिकारी ने एक इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि वह काफी दिन से परेशान थे।



मृतक की पहचान जितेन्द्र रावत के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है।

जानकारी के मुताबिक, जितेन्द्र रावत डिप्रेशन में थे और उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने आज सुबह इमारत से कूदकर जान दे दी। वह चाणक्यपुरी में टएअ की रेसिडेंशियल सोसाइटी के फर्स्ट फ्लोर पर रहते थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

विदेश मंत्रालय ने आईएफएस अधिकारी की मौत के बाद एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी का 07 मार्च, 2025 की सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। मंत्रालय परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और दिल्ली पुलिस के संपर्क में है।

मंत्रालय दुख और कठिनाई की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। शोक की इस घड़ी में परिवार की निजता का सम्मान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आगे की जानकारी जारी नहीं की जा रही है।

# 'मैं हिंदुत्व का विचारक हूं, पार्टी का नहीं', धीरेंद्र शास्त्री

## बोले- हमारे बिहार में आने से कुछ लोगों के पेट में बहुत तेज दर्द होने लगा

**गोपालगंज:** गोपालगंज में पहुंचे बाबा बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने आज गुरुवार से अपनी हनुमत कथा शुरू कर दी है। कथा से पहले जब धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंच पर पहुंचे तो वहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मौके पर मौजूद थी। इस दौरान धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि उनके बिहार में आने से बहुत लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, वह किसी पार्टी के विचारक नहीं है, बल्कि वह हिंदुत्व के विचारक हैं।




**10 मार्च तक कथा सुनाएंगे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री :** उन्होंने कहा कि यह राम का देश है। उन्हीं के देश में कथा भी नहीं सुना सकते। ये राम का देश का है, ये कृष्ण का देश है। उन्होंने कहा कि उनके तन में जब तक प्राण हैं, वो हिन्दुओं के लिए जिएंगे, हिन्दुओं के लिए मरेंगे। दरअसल धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आज गोपालगंज के भोरे प्रखंड पहुंचे थे। यहां रामनगर स्थित श्री राम जानकी मठ में हनुमत कथा सुनाने आए हैं। यहां वे आज 6 मार्च से 10 मार्च तक कथा सुनाएंगे।

इस कथा के दौरान करीब एक से दो लाख लोगों को भोरे में पहुंचने की संभावना है। इसी भीड़ के मद्देनजर उनके दिव्य दरबार के आयोजन में बड़ा बदलाव किया गया है। अब वे सिर्फ एक दिन 8 मार्च को कथा से पूर्व दिव्य दरबार सजाएंगे।

बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन की ओर से भी व्यापक तैयारी की गई है। जिले में ट्रैफिक में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके साथ ही मीरगंज और भोरे जाने वाले मार्ग में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक है। जबकि कथा में शामिल होने वाले लोगों को भी निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही गाड़ियों को पार्क करने का निर्देश दिया गया है।

# पीएम मोदी ने 2500 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में 2,587 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज सिलवासा और केंद्र शासित प्रदेश को आधुनिक पहचान मिल रही है।**




**सिलवासा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में 2,587 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज सिलवासा और केंद्र शासित प्रदेश को आधुनिक पहचान मिल रही है। यह ऐसा शहर है जहां हर जगह के लोग रहते हैं। यहां का महानगरीय मिजाज दिखाता है कि कैसे यहां बहुत तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ है। दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हमारे लिए सिर्फ केंद्र शासित प्रदेश नहीं हैं, बल्कि हमारा गौरव और विरासत हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव एक शिक्षा केंद्र के रूप में उभरे हैं। पहले मुझे यह देखकर खुशी होती थी कि यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित चार भाषाएं पढ़ाई का माध्यम हैं। अब मुझे इस बात पर गर्व है कि प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में भी बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं में शिक्षा मिल रही है। कई साल पहले मुझे यहां बहुत बार आने का अवसर मिलता था। सिलवासा और पूरा दादरा एवं नगर हवेली, दमन-दीव उस समय कितना अलग था। लोगों को भी लगता था कि समुद्र के किनारे इस छोटी सी जगह में क्या हो सकता है! लेकिन मुझे यहां के लोगों के सामर्थ्य पर भरोसा था, आप पर भरोसा था।

उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा और यह प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है। सिलवासा एक ऐसा शहर बन चुका है जहां हर जगह के लोग रह रहे हैं। यहां का मिजाज बताता है कि दादरा एवं नगर हवेली में कितनी तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ है। आज यहां 2.5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, हेल्थकेयर, शिक्षा और टूरिज्म, यानी हर क्षेत्र से जुड़े ढेर सारे प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के विकास को और गति देंगे। यहां नए अवसर पैदा होंगे। हम इस प्रदेश को एक ऐसा आदर्श प्रदेश बना रहे हैं, जो आपके समग्र विकास के लिए जाना जाए।

पीएम मोदी ने कहा कि वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना से हर व्यक्ति को भोजन की गारंटी मिली है।

# जज्बे को सलाम : पैरों से अपनी तकदीर लिख रही प्रीती, बीमारी ने छीने हाथ

**पीलीभीत।** 'मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों में ही उड़ान होती है'। इन पंक्तियों को साबित किया है पीलीभीत के घुंघचाई क्षेत्र की मटेहना कॉलोनी नंबर एक की 16 वर्षीय प्रीती कुमारी ने। तीन साल की उम्र में बीमारी ने उसे दिव्यांग बना दिया। दोनों हाथों ने काम करना बंद कर दिया। तब उसने पैरों को ही हाथ बना लिया। छह साल की उम्र में ही उसने पैरों से ही लिखना और घर का काम करना शुरू कर दिया। रोजाना स्कूल जाने के साथ घर में मां का घरेलू कामों में हाथ प्रीती बंटा रही है। प्रीती इस बार हाईस्कूल की परीक्षा दे रही है। वह लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है। प्रीती का शिक्षिका बनने का सपना है।




मटेहना कॉलोनी नंबर एक निवासी अशोक कुमार पेशे से किसान हैं। जमीन कम है, इसके चलते मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। उनके तीन पुत्रियों और एक पुत्र में प्रीती कुमारी सबसे बड़ी है। तीन साल की उम्र में प्रीती को दिमागी बुखार ने चपेट में ले लिया था। प्रीती की मां विंद्रा देवी बताती हैं कि बेटी को इलाज के लिए गांव के अलावा पूरनपुर, पीलीभीत और अन्य शहरों में भी ले गए। मगर बीमारी में उसके दोनों हाथ दिव्यांग हो गए। शुरूआत में तो बोल भी नहीं पाती थी। रिश्तेदारों, करीबियों से रुपये उधार लेकर प्रीती का इलाज कराया। लाखों रुपये खर्च हुए।

**मां ने बढ़ाया हौसला :** चिकित्सकों ने बताया कि प्रीती अब ठीक नहीं हो सकती। इलाज के बाद बेटी जब घर आई तब पड़ोसी और रिश्तेदार कहने लगे कि बेटी अब किसी काम की नहीं रही। जिंदगीभर प्रीती को अब दूसरों के सहारे रहना पड़ेगा।

# 8 मार्च याद है न : उम्मीद है 2500 रुपये का मैसेज आएगा - आतिशी ने याद दिलाया वादा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने महिला समृद्धि योजना को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। आतिशी ने लिखा है कि पीएम मोदी ने वादा किया था कि महिला दिवस पर दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 आएंगे। कल महिला दिवस है, अब सिर्फ एक दिन बाकी है। मुझे उम्मीद है 8 मार्च (महिला दिवस) के दिन महिलाओं के मोबाइल में 2500 रुपये उनके खाते में आने का मैसेज आ जाएगा।

आतिशी ने अपने पत्र में लिखा, 'दिल्ली की लाखों माताओं-बहनों की ओर से आपको यह पत्र लिख रही हूं और आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 31 जनवरी 2025 को बुधवार के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने द्वारका में आयोजित रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में रुपये 2500 प्रतिमाह देने की योजना पास होगी और महिला दिवस पर महिलाओं के खातों में पैसे आने शुरू हो जाएंगे। इसलिए उन्होंने सभी महिलाओं को सलाह दी थी कि वे अपने बैंक खाते से अपने मोबाइल नंबर को जोड़ लें, ताकि जब उनके अकाउंट में पैसे आएंगे तो उनके फोन पर इसकी जानकारी मिल सके।'





उन्होंने आगे लिखा, 'अब महिला दिवस में सिर्फ एक दिन बचा है। पूरी दिल्ली की महिलाएं इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। वे उम्मीद लगाए बैठी हैं कि 8 मार्च से उनके अकाउंट में पहली किश्त आनी शुरू हो जाएगी, जैसा कि भाजपा ने वादा किया था। मुख्यमंत्री जी, दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए तुरंत उनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाएं। दिल्ली की हर महिला आपकी ओर देख रही है, उनकी उम्मीदें टूटनी नहीं चाहिए। मुझे पूरी उम्मीद है कि कल दिल्ली की हमारी माताओं-बहनों को उनके खातों में 2500 रुपए मिलने का मैसेज उनके मोबाइल पर जरुर आएगा।'

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 08 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गुजरात के सूरत में बोले पीएम, 'हर गरीब की गारंटी मोदी लेगा'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह संतृप्ति अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि सूरत अनेक मामलों में गुजरात और देश का एक अग्रणी शहर है। सूरत आज गरीब और वंचित को भोजन और पोषण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा है। यहां आज जो खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान चलाया गया है। यह दूसरे जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान सुनिश्चित करता है कि न कोई भेदभाव, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। यह अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। जब सरकार ही लाभार्थी के दरवाजे पर जा रही है, तो कोई छूटेगा कैसे और जब कोई छूटेगा नहीं तो कोई रूठेगा कैसे। जब सोच यह हो कि हमें सब तक लाभ पहुंचाना है, तो ठगने वाले दूर भाग जाते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथी बनकर खड़ी है। कोविड महामारी के दौरान जब भारत को महत्वपूर्ण सहायता की आवश्यकता थी, तब गरीबों को उचित भोजन मिले, इसके लिए गरीब कल्याण योजना शुरू की गई। यह अपनी तरह की दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि गुजरात सरकार ने इस पहल का विस्तार किया है। आज केंद्र सरकार गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे, इसके लिए दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है।

पीएम ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में पौष्टिक भोजन की बड़ी भूमिका है। हमारा लक्ष्य देश के हर परिवार को पर्याप्त पोषण देना है ताकि कुपोषण और एनीमिया जैसी बड़ी समस्याओं से देश मुक्त हो सके। आज दुनिया भर के कुछ सबसे बड़े संगठन इस बात को स्वीकार करते हैं कि स्वच्छ भारत अभियान ने गांवों में बीमारियों को कम करने में मदद की है। हर घर जल अभियान ने भी बीमारियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**पांच करोड़ से ज्यादा फर्जी राशन कार्ड सिस्टम से हटाए :** उन्होंने कहा कि पहले एक जगह का राशन कार्ड दूसरी जगह नहीं चलता था। हमने इस समस्या का समाधान किया। हमने वन नेशन वन राशन कार्ड लागू किया। अब राशन कार्ड चाहे कहीं का भी हो, लाभार्थी को उसका फायदा देश के हर शहर में मिलता है। देश में पांच करोड़ से ज्यादा फर्जी राशन कार्ड धारक थे। हमारी सरकार ने उन्हें सिस्टम से हटा दिया। हमने राशन सिस्टम को आधार कार्ड से जोड़ा।

बीते दशक में पूरे देश में हमने गरीब को सशक्त करने के लिए मिशन मोड पर काम किया। गरीब के इर्द गिर्द एक सुरक्षा कवच बनाया गया ताकि उसे किसी के सामने भी हाथ फैलाने की नौबत न आए।

## उद्घाटन समारोह



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जन औषधि दिवस के अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने संजय नगर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ओर दूरदर्शी मार्गदर्शन में शुरू किए गए जन औषधि केंद्र आम जनता को गुणवत्ता पूर्ण किफायती तथा सुलभ दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।यह पहल फिट इंडिया और आयुष्मान भारत जैसे संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बोर्ड बैठक में पार्षदों ने रखी अपनी समस्याएं और उठाए कई महत्वपूर्ण मुद्दे

गौरव शशि नारायण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम में बोर्ड बैठक थी। बोर्ड बैठक की शुरूआत सुबह करीब 11 बजे से हुई जिसमें सबसे पहले अनुपूरक बजट व प्रस्तावों पर चर्चा होनी थी लेकिन चर्चा से पहले ही पार्षदों ने अपनी समस्याएं और परेशानियां उठानी शुरू कर दी। वहीं शुरूआत से ही नगर निगम के सदन में जोरदार माहौल हो गया।

सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई बोर्ड की बैठक शुक्रवार की रात तक चलती रही। जहां नगर निगम में करोड़ों रुपए के बजट, विकास कार्यों और कई योजनाओं के साथ ही महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और माहौल गर्म वाली स्थिति देखने को मिली।

## मैराथन चली नगर निगम की बोर्ड बैठक

### पार्षद गौरव सोलंकी ने उठाया सबसे पहले आपत्ति वाला विषय



**करंट क्राइम :** नगर निगम की बोर्ड बैठक शुरू हुई तो **पार्षद गौरव सोलंकी** ने कहा कि 9 अक्टूबर 2024 को पहले जो आपत्ति आई थी, उन पर बातचीत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में 102 प्रस्ताव तक चर्चा हुई थी, अब 112 प्रस्ताव से शुरूआत की जा रही है, इससे पहले के प्रस्तावों पर क्या हुआ। इस पर सदन को जानकारी दी जाए। इसके बाद कुछ देर हंगामे वाला माहौल रहा।

### पार्षद मनोज त्यागी बोले अक्टूबर का बजट मार्च में फॉर्मेलिटी



**करंट क्राइम :** नगर निगम में शुक्रवार को बोर्ड बैठक के दौरान समय पर बोर्ड बैठक ना कराए जाने का विषय भी जोरदार तरीके से उठा। तो इस दौरान पार्षद मनोज त्यागी ने कहा कि अक्टूबर में बजट का समय था, अब मार्च में फॉर्मेलिटी दिखाकर इसे पूरा किया जा रहा है। वहीं उन्होंने इसको लेकर नाराजगी जताई और महापौर और नगर आयुक्त से अपील की है कि समय-समय पर बैठक आयोजित की जाएं।



### पार्षद प्रवीण चौधरी ने भत्ते की मांग उठाई, कहा आरएसएस के बड़े नेता ने राज्यसभा में उठाया था विषय

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को बोर्ड बैठक के दौरान भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी ने भत्ते की मांग उठाई और इस प्रस्ताव पर सहमति जताने के लिए सबका समर्थन लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले को राज्यसभा में आरएसएस के बड़े नेता राधा मोहन जो राष्ट्रीय महासचिव भी है उन्होंने उठाया था। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भत्ते मिलना चाहिए इससे लाभ होगा।

### पार्षद प्रवीण चौधरी बोले चार बजे तक जगा हूं, आंकड़े सितंबर के हैं

**करंट क्राइम :** राजनगर से पार्षद प्रवीण चौधरी ने बोर्ड बैठक शुरू होते ही कहा कि उन्होंने पूरे प्रस्तावों को पढ़ा है, यह ठीक से तैयार नहीं किए गए हैं। उन्होंने सुबह 4 :00 बजे तक प्रस्ताव को बैठकर पड़ा है। इसमें सितंबर के आखिरी आंकड़े दर्शाए जा रहे हैं। इस पर अधिकारियों ने कहा कि इसे जल्द ही अपडेट कर दिया जाएगा, जहां जो कमी है उसे सुधारा जाएगा।



### पार्षद राजीव शर्मा ने पुनः निरीक्षित बजट पर उठाए सवाल

**करंट क्राइम : पार्षद राजीव शर्मा** ने नगर निगम में रखे गए पुनः निरीक्षित बजट को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अक्टूबर का बजट मार्च में लाया जा रहा है ,यह लापरवाही है। साथ ही उन्होंने उद्यान की रिपोर्ट और मूल्यों को लेकर भी बात की।

### पार्षद राजीव ने उठाया भगत सिंह की प्रतिमा का विषय

**करंट क्राइम : पार्षद राजीव शर्मा** ने घंटाघर में भगत सिंह की प्रतिमा और चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का सौंदरीकरण और इनको नए रूप में लगाने की मांग की है। तो महापौर ने कहा है कि इसमें तय कर लिया जाए कि यहां धातु की मूर्ति लगेगी या संगमरमर पत्थर की मूर्ति लगवाई जाएगी। उनका कहना है कि जो भी लगे वह बेहतर हो और महापुरुषों का सम्मान आवश्यक है।

### निगम सदन में हुई पूर्व मेयर अशु वर्मा के कार्यकाल की तारीफ



**करंट क्राइम :** पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि अशु वर्मा के कार्यकाल में नगर निगम बेहतर ढंग से चल रहा था। उन्होंने कहा कि महापौर कोटा क्यों नहीं लगाया जा सकता है। अब्दुल समद के समय में एक-एक करोड़ रुपए तक के बजट पार्षदों के लिए पास होते थे। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है।

### पार्षद विनय चौधरी ने निगम वाहनों के इंश्योरेंस का विषय रखा



**करंट क्राइम :** नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान **पार्षद विनय चौधरी** ने इंश्योरेंस का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा नगर निगम के वाहनों का इंश्योरेंस नहीं है, जिसकी वजह से हादसे होते हैं तो नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों को डीजल और गैस ना लेनी दी जाए, जिनका इंश्योरेंस नहीं है। इससे निगम को भी नुकसान नहीं होगा और अन्य कहीं परेशानियों से भी बचा जा सकता है।

### जब पार्षद संजय सिंह ने गाजियाबाद के नाम बदलने, भत्ते की आवश्यकता और गालंद का विषय रखा



**करंट क्राइम : वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह** ने पहले महापौर की तारीफ की और कहा कि आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। उन्होंने यह बात गीत के अंदाज में की, जिसपर नगर निगम के सदन में ताली बजने लगी। तो वहीं उन्होंने कहा कि पिछली बोर्ड बैठक में गाजियाबाद का नाम बदलने का विषय शासन को भेजा गया था, इस पर क्या हुआ। अभी तक कुछ पता नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पार्षदों को भी भत्ते की आवश्यकता है, इस दौरान उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में महापौर और नागरिक बेहतर काम कर रहे हैं लेकिन गालंद की समस्या को लेकर नगर निगम को सोचना होगा और इस पर मंथन भी आवश्यक है।

### पार्षद सचिन डागर ने कहा उनके वार्ड में नहीं है कोई समस्या



**करंट क्राइम : पार्षद सचिन डागर** ने नगर निगम सदन में अपनी बात रखी और कहा कि उनके वार्ड में कोई समस्या नहीं है। बस उद्यान को लेकर कुछ समस्या चल रही है उस भी जल्दी ही दूर कराया जाए। साथ ही उन्होंने कई अन्य पार्षदों के विषय में समर्थन किया और अपनी आवाज भी बुलंद की।

### जब मेयर ने उद्यान के काम पर जताया असंतोष



**करंट क्राइम :** विजय नगर की **पार्षद पूनम सिंह** ने विजय नगर जोन में पार्कों की हालत और हरियाली ना होने के विषय को उठाया। तो महापौर सुनीता दयाल ने उद्यान प्रभारी से पूछा कि ऐसी असंतोषजनक वाली स्थिति क्यों बनी हुई है, उन्होंने कहा कि इसे जल्द सुधारा जाए।

### पार्षद अजय शर्मा बोले विद्युत शवदाहगृह निगम चलाएं



**करंट क्राइम : पार्षद अजय शर्मा** ने बोर्ड बैठक के दौरान कहा कि जो नगर निगम के काम हैं वह ठीक प्रकार से चल रहे हैं लेकिन हिंडन पर विद्युत शवदाहगृह भी निगम चलाए, इसका किसी अन्य या निजी हाथों में ना दिया जाए।

### जब विधायक पर काम रुकवाने का आरोप, पार्षद को पड़ गया भारी निगम में हुआ हंगामा



**करंट क्राइम :** नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद और सदन में कई प्रमुख फेस वार्ड तीन के निर्दलीय पार्षद भगवत स्वरूप के विरोध में खड़े हो गए। सदन में हंगामे वाला माहौल हो गया। तो भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने पार्षद भगवत स्वरूप को घेर लिया। उनसे माइक तक जीने का प्रयास हुआ, पर भगवत स्वरूप अपनी बात रखते रहे। उनका कहना था कि उनके वार्ड में विधायक काम रुकवा रहे हैं। इसकी उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को सूचना दी, तो वह भी मदद को राजी नहीं हुए। इसी विषय को लेकर महापौर ने भी मंच से कहा कि कोई भी विधायक किसी भी पार्षद के क्षेत्र का काम नहीं रुकवा रहा है और वह नाराज हो गई। इसके बाद सभी पार्षद भगवत स्वरूप के विरोध में एकत्रित हो गए और जोरदार हंगामा हुआ।

### जब पार्षद सुभाष चौधरी ने कर दी बवाग कंपनी की तारीफ



**करंट क्राइम : वार्ड- 32 के पार्षद सुभाष चौधरी** बोर्ड बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने इस दौरान बवाग कंपनी की तारीफ कर दी, जिसको लेकर पार्षदों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। तो वहीं नगर निगम के कई अधिकारी भी आश्चर्यचकित रह गए थे। बता दें की नगर निगम में महापौर से लेकर नगर आयुक्त और अन्य कई अधिकारी इस कंपनी को लेकर बेहद नाराजगी वाले मूड में दिखाई दे रहे थे।

### पार्षद छाया त्यागी ने महापौर का भूमाफियाओं पर कार्रवाई के लिए किया धन्यवाद



**करंट क्राइम :** बीते दिनों महापौर सुनीता दयाल द्वारा पार्षद छाया त्यागी की शिकायत पर नंदग्राम और आसपास के इलाकों में भूमाफियाओं पर नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। तो वहीं मौके पर पहुंचकर उन्होंने कई लोगों को धमकाया था। इस मामले को लेकर बोर्ड बैठक में शुक्रवार को पार्षद छाया त्यागी ने महापौर सुनीता दयाल का धन्यवाद दिया। तो वही सुनीता दयाल ने यह भी कहा है कि वह इस प्रकार से निगम की जमीन पर कब्जा करने वालों को नहीं छोड़ेंगी।

### पार्षद रुखसाना सैफी ने दुकान न तोड़ने की अपील



**करंट क्राइम :** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के निकट कॉरिडोर बनाए जा रहा है। जिसकी वजह से लगभग 45 दुकान शिफ्ट की जानी हैं। वहीं स्थानीय पार्षद रुखसाना सैफी का कहना है कि ऐसी चार दुकानें हैं, जो शिफ्ट नहीं की जा रही है और उन्हें तोड़ा भी नहीं जाना चाहिए, उनका कहना था कि चौड़ीकरण में इससे कोई अवरोध पैदा नहीं हो रहा है ,इसलिए इन्हें ना छेड़ा जाए।

### जब पार्षद रंजीता कल्याणी ने महापौर का जताया आभार



**करंट क्राइम :** नगर निगम में बोर्ड बैठक के दौरान पहली बार बोल नहीं **पार्षद रंजीता कल्याणी** ने महापौर का धन्यवाद दिया और कहा कि मेरा टिकट आपकी वजह से ही हुआ था। साथ ही उन्होंने ने कहा कि वह जल्द ही मिलकर अपने यहां विकास कार्य शुरू करवाएंगे।

### तीन साल से बन रहा सामुदायिक केंद्र पड़ा है बंद



**करंट क्राइम : पार्षद राजकुमार नागर** ने अपने वार्ड में तीन साल पहले शुरू हुए सामुदायिक केंद्र के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने महापौर को बताया कि यह तीन साल पहले बनना शुरू हुआ था और बीते 8 महीने से यहां का काम बंद है, जबकि थोड़ा सा ही काम बचा हुआ है। इस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इसकी स्थिति और कार्य की प्रगति ली जाए।

### जब पार्षद नीरज गोयल और नगर आयुक्त आ गए आमने-सामने



**करंट क्राइम :** पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि वह नगर निगम में पहुंचते हैं, तो नगर आयुक्त से समय की मांग करते हैं, समय नहीं मिलता। पार्षदों का समय तय होना चाहिए। इस पर महापौर ने भी अपनी बात की, इसी बीच नगर आयुक्त ने कहा कि आपके द्वारा कुछ आपत्तिजनक खबरें प्रकाशित करवाई गई थीं। इसको लेकर नाराजगी थी, पार्षद नीरज गोयल का हालांकि कुछ पार्षदों ने समर्थन किया, तो कुछ उनकी इस बात के विरोध में भी नजर आए। कुल मिलाकर बाद में यह पूरा मामला शांत हो गया था।

### पार्षद गौरव सोलंकी ने रखा सामुदायिक भवन व पुलिया चौड़ीकरण का मुद्दा



**करंट क्राइम : पार्षद गौरव सोलंकी** ने सामुदायिक भवन उनके वार्ड में उपलब्ध कराए जाने का मुद्दा रखा। तो वहीं बुद्ध और राम वाटिका के विषय को भी उन्होंने नगर निगम की बोर्ड बैठक में रखा है। इसके साथ ही वैशाली सेक्टर-1 और 2 की पुलिया के चौड़ीकरण का विषय पर भी उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से जल्द कराए जाने की मांग की है।

### पार्षद राजकुमार भाटी ने उठाया कंपोजिट स्कूल के जर्जर हालत का मुद्दा



**करंट क्राइम :** वैशाली से पार्षद **राजकुमार भाटी** ने उनके वार्ड में आने वाले कंपोजिट स्कूल के जर्जर होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा छत से पानी टपकता रहता है। साथ ही उनके वार्ड में नाले की भी समस्या है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां का सुधार जल्द कराया जाए। महापौर ने जानकारी दी कि इस स्कूल के दो कमरे लगभग 25 लाख रुपए की अधिक लागत से एक योजना के तहत बनवाए जा रहे हैं।

### पार्षद शिवम शर्मा ने उठाया नाइट सफाई व्यवस्था ठीक ना होने का विषय



**करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान देखा गया की बड़ी संख्या में पार्षदों द्वारा अपने इलाके की समस्या और गंभीर विषय उठाए गए। इस दौरान पार्षद शिवम शर्मा कवि नगर ने कवि नगर इलाके में रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था को ठीक प्रकार से ना संचालित होने की बात की है। जिस पर नगर आयुक्त और महापौर ने संज्ञान लेने का भरोसा दिलाया है।

### तीन कंपनियों को किया गया ब्लैकलिस्टेड

**करंट क्राइम :** बोर्ड बैठक के दौरान महापौर ने मंच से जानकारी दी की रॉकवेल, बवाग और राज इलेक्ट्रिक कंपनी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। इनके द्वारा गुणवत्तापूर्ण काम नहीं किया जाता है। उनकी कई स्तर पर शिकायत आती रहती है। साथ ही पार्षदों के साथ भी इनका व्यवहार ठीक नहीं रहता।



## संपादकीय

# भारत करे सौदेबाजी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ पर कठोर रुख के मद्देनजर भारत के लिए व्यापार समझौतों की चुनौतियां बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुए वातार्लाप और अमेरिकी संसद में भारत का नाम दोबारा लेने से स्थिति स्पष्ट होती जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप टैरिफ के सवाल पर जिस तरह का अड़ियल रुख दिखा रहे हैं, उसके मद्देनजर अब यह उम्मीद करने का खास मतलब नहीं दिखता कि वह आखिरकार अपनी राह बदलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप ने उनके सामने टैरिफ पर जैसे को तैसा की नीति अपनाने की बात कह कर सबको चौंका दिया था। अब अमेरिकी संसद में उन्होंने दोबारा भारत का नाम लेते हुए 2 अप्रैल से इस नीति पर अमल की घोषणा कर रहा-सहा संदेह भी समाप्त कर दिया है। बातचीत के मायने हालांकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगुआई में एक टीम अमेरिका में ही है और व्यापार समझौते के लिए दोनों पक्षों में बातचीत अभी जारी है। ऐसे में यह सवाल भी है कि जब तक बातचीत टूट नहीं जाती, तब तक कोई निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी क्यों दिखाई जाए। लेकिन कई जानकारों का मानना है कि मौजूदा हालात में संभावित समझौते को ज्यादा अहमियत देना तर्कसंगत नहीं होगा।

सवाल भरोसे का अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप न केवल पिछली सरकारों के दौरान किए गए समझौतों और दी गई प्रतिबद्धताओं से पीछे हटते रहे हैं बल्कि कनाडा और मेक्सिको पर ऊंचा टैरिफ लगाकर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2019 में इन देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते का भी निरादर करते दिख रहे हैं। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनके साथ कोई समझौता हो भी जाता है तो उसके टिके रहने की क्या गारंटी होगी। चुनौतियों से दो-दो हाथ ऐसे में बातचीत और सुलह-समझौते की संभावना को खारिज भले न किया जाए, लेकिन टैरिफ बढ़ने के खतरे को वास्तविक मानकर इससे उपजी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना ज्यादा जरूरी है। यह कोई आसान राह नहीं साबित होने वाली, लेकिन दो स्तरों एक साथ प्रयास करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है। आपदा में अवसर जहां भी संभव हो अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती कर बदले में अमेरिकी सरकार से रियायत ली जाए। इसके साथ ही ट्रंप की पॉलिसी से प्रभावित हो रहे अन्य देशों के साथ समझौता करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। मसलन, अमेरिकी बाजार में मुश्किलें झेल रहा कनाडा अभी हमारे काम आ सकता है। पुराने मतभेदों को फिलहाल एक तरफ करके आपदा की इस स्थिति में बन रहे अवसरों का तत्काल और बेहिचक इस्तेमाल करने की जरूरत है।

## राशिफल

**मेष:** किसी अपने नजदीकी से कहासुनी हो सकती है। हृदय को ठेस पहुंच सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में उत्साह की कमी रहेगी।

**वृष:** कम मेहनत से ही कार्यसिद्धि होगी। काफी समय से रुके कार्य पूर्ण होने से प्रसन्नता रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**मिथुन:** नए मित्र बनेंगे। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। अच्छी खबर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह:** व्ययवृद्धि होगी। बजट बिगड़ेगा। दूसरों से अपेक्षा पूरी नहीं होगी। कार्य की गति धीमी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कन्या:** रुका पैसा मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे।

**तुला:** आर्थिक नीति का परिवर्तन सुखद रहेगा। कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है अत: लापरवाही न करें। अध्यात्म तथा तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के उकसाने में न आएं।

**मकर:** पारिवारिक मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नौकरी में प्रमोशन इत्यादि मिल सकता है।

**कुंभ:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगास्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स समय का लाभ ले सकते हैं।

**मीन:** पठन-पाठन व लेखन आदि कामों में मन लगेगा। सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मस्तिष्क में नए-नए विचार आएंगे।

## चुटकुले

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए तो कितने आम बचे ?
बन्टू - 10
टीचर - अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे ?
बन्टू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

---

सुबह-सुबह पत्नी नींद से उठते ही बोली, 'अजी सुनते हो?'
पति- 'बोलो! क्या हुआ?'
पत्नी - 'मुझे सपना आया कि आप मेरे लिए हीरों का हार लेकर आए हो।'
पति - ठीक है, तो वापिस सो जा और पहन ले।'

---

बंटू - जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, दिन-प्रतिदिन इंसान रईस बनता जाता है।
घंटू - वो कैसे ?
बंटू - बूढ़े होने पर चांदी बालों में, सोना दाँतों में, मोती आखों में
शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी में पाए जाने लगते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सपाट पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 7 अंक टूटा



**नई दिल्ली।** बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 246.34 अंक चढ़कर 74,586.43 पर पहुंच गया था। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार सपाट बंद हुआ। शुक्रवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 246.34 अंक चढ़कर 74,586.43 पर पहुंच गया था। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचसेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 7.80 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 89 अंक बढ़कर 22,633.80 के स्तर पर पहुंच गया था।

### हरे निशान पर बंद हुए शेयर

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर चढ़कर बंद हुए।

### नुकसान में रहे शेयर

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक में नुकसान देखने को मिला।

बाजार के विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बाजार में अमेरिका के शुल्क लगाने और दूसरे देशों की जवाबी चेतावनियों के कारण अनिश्चितता बढ़ गई है। इस अस्पष्टता के कारण जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इक्विटी को लेकर आकर्षण घटा है। इसके उलट भारतीय बाजारों ने व्यापार युद्ध की आशंका के बावजूद हाल में मजबूती को दिखाया है।

### दुनियाभर के बाजारों का हाल

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट रही थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.32 प्रतिशत बढ़कर 70.38 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

# कमजोर मांग के चलते सोना 89 हजार रुपये के नीचे आया, चांदी ने 500 रुपये की लगाई छलांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे गिर गई। यह गिरावट घरेलू मांग में कमी के कारण आई है, जैसा कि ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन ने बताया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये घटकर 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो कि लगातार दूसरे दिन की गिरावट है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये घटकर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

### चांदी में 500 रुपये की तेजी देखने को मिली

व्यापारियों का कहना है कि स्थानीय ज्वैलर्स और खुदरा खरीदारों की मांग कम होने के कारण सोने के भाव में गिरावट आई है। लांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, और यह लगातार चौथे दिन की वृद्धि है। पिछले चार सत्रों में चांदी की कीमत में 3,100 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

### वैश्विक स्तर पर स्थिर रही सोने की कीमत

एमसीएक्स पर अप्रैल महीने की डिलीवरी के लिए सोना 50 रुपये गिरकर 85,983 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वैश्विक स्तर पर, सोने की कीमत स्थिर रही और यह 2,929.30 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड हो रही थी, जबकि स्पॉट गोल्ड 10.14 डॉलर (0.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,921.94 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमत एशियाई बाजार में 0.17 प्रतिशत गिरकर 33.28 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने पेश किया राज्य का बजट, सामाजिक न्याय पर दिया गया जोर



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधानसभा में अपना रिकॉर्ड 16वां बजट पेश किया। इस बार अपने बजट भाषण में सिद्धारमैया ने सामाजिक न्याय पर जोर दिया है। बजट पेश करने से पहले सीएम सिद्धारमैया बजट दस्तावेज लेकर विधानसभा पहुंचे।

उनके साथ उनके कैबिनेट के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। इस बीच, कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने दावा किया कि सीएम सिद्धारमैया का यह आखिरी बजट है, क्योंकि अब उनकी कुर्सी जाने वाली है। दूसरी ओर, डीके शिवकुमार ने बजट से पहले विपक्षी दल पर हमला करते हुए कहा, कर्नाटक पर बोलने का उनके पास कोई नैतिक अधिकार नहीं है। केंद्रीय बजट में कर्नाटक को कुछ भी नहीं दिया गया... उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्हें जो करना है करने दीजिए। यह लोगों की इच्छा है। हम कर्नाटक के लोगों की रक्षा के लिए हैं। अपने कार्यकाल में हमने कर्नाटक के लोगों से जो भी वादा किया था, उसे पूरा किया है। सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 51034 करोड़ रुपये आवंटित कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश किया, जिसमें चालू वित्त वर्ष में विभिन्न गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 51,034 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। सीएम सिद्धारमैया ने जोर देकर कहा कि सरकार ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए इन गारंटियों का प्रबंधन किया है। बजट में पिछले दो बजटों में जीएसडीपी के 3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के मानदंड और 25 प्रतिशत के ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात का पालन किया गया है। कृषि क्षेत्र, जिसने पिछले वर्ष-4.9 प्रतिशत की नकारात्मक विकास दर का सामना किया था, ने 2024-25 में 4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वापसी की है।

# हितों के टकराव पर नई प्रणाली बनेगी, एफपीआई नियम होंगे आसान'

## बाजार में गिरावट के बीच सेबी प्रमुख का एलान



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के नये चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने शुक्रवार को बताया कि वह एक ऐसी प्रणाली लेकर आएंगे जिसके तहत सेबी बोर्ड के सदस्यों को हितों के टकराव के बारे में जनता को बताना होगा। 1 मार्च को सेबी के चेयरमैन का कार्यभार संभालने वाले पांडे ने अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शिता के लिए यह कदम उठाना जरूरी है। इससे बाजार नियामक को पारिस्थितिकी तंत्र का विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। सेबी प्रमुख ने इस दौरान विदेशी निवेशकों के लिए नियमों को आसान बनाने की भी बात कही है। इसके जवाब में सेबी ने कहा था कि बुच ने जरूरी खुलासे किए थे और आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने खुद को इससे अलग कर लिया था और अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों की विधिवत जांच की गई थी।

### पिछले साल पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच पर लगे थे आरोप

पिछले वर्ष, अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने पांडे की पूर्ववर्ती माधबी पुरी बुच के खिलाफ व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों के आधार पर संभावित हितों के टकराव से जुड़े आरोप लगाए थे। इन आरोपों में एक ऑफशोर फंड में उनके (बुच के) निजी निवेश की जानकारी दी गई थी, जिसमें अदाणी समूह की एक सहयोगी कंपनी, जिसकी सेबी जांच कर रही थी, सह-निवेशक थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आपके मांसपेशियों में कसरत के बाद परेशानी होती है, तो तरबूज आपकी इस समस्या को हल कर सकता है। यह फल इलेक्ट्रोलाइट्स और एमिनो एसिड साइट्रूलाइन से भरा हुआ होता है, जो भारी कसरत के बाद दर्द की मांसपेशियों को शांत करने में मदद करता है। और एक ईरानी अध्ययन के अनुसार, तरबूज में साइट्रूलाइन मांसपेशियों की थकान को कम करने में मदद कर सकता है।
- तरबूज में कई पोषक तत्व आपके बालों और त्वचा के लिए अच्छे हैं। कुछ त्वचा को सुदृढ़ रखने में मदद करते हैं जबकि अन्य धूप की रोशनी के खिलाफ सुरक्षा करते हैं।
- स्वस्थ पाचन के लिए फाइबर और पानी महत्वपूर्ण हैं। और तरबूज में ये दोनों शामिल हैं।
- क्यूक्रबिटैसीन ई और लाइकोपीन समेत तरबूज में कुछ यौगिकों का अध्ययन कैंसर को रोकने की उनकी क्षमता के लिए किया गया है।
- शोध के अनुसार, हर दिन तरबूज का एक टुकड़ा खराब कोलेस्ट्रॉल के संचय को रोक सकता है, जिससे दिल की बीमारी को रोका जा सकता है।
- तरबूज में एक उच्च पानी की सामग्री है। यह इसे हाइड्रेटिंग बनाता है और आपको पूर्ण महसूस करने में मदद करता है।
- लाइकोपीन और विटामिन सी तरबूज में पाए जाने वाले विरोधी भड़काऊ एंटीऑक्सीडेंट हैं। जो सूजन और कई पुरानी बीमारियों से जुड़ा हुआ है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# सुनील छेत्री संन्यास से लौटे

## पिछले साल जून में लिया था रिटायरमेंट



**नई दिल्ली।** भारत के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने 40 साल की उम्र में संन्यास से वापसी करने का फैसला किया है। इस फैसले को अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुद्धिमता पूर्ण फैसला करार दिया। हालांकि, इससे कई गंभीर सवाल पैदा हो गए हैं। सबसे पहला सवाल यह है कि क्या इससे भारतीय फुटबॉल टीम की खराब स्थिति का पता चलता है। यह भी सवाल उठता है कि क्या एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में छेत्री का कोई रिप्लेसमेंट नहीं है? छेत्री ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया था। वह भारत के लिए सबसे ज्यादा 94 गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। लगभग दो दशक तक देश की सेवा करने के बाद उन्होंने आराम से जिंदगी जीने के बारे में सोचा था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

### भारतीय फुटबॉल के लिए अच्छे संकेत नहीं

छेत्री अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय खिलाड़ियों की सूची में पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के बाद तीसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। हालांकि, उनका संन्यास लेने के एक साल से भी कम समय में वापसी करने का फैसला चौंकाने वाला है। यह भारतीय फुटबॉल के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। एआईएफएफ के मुताबिक, भारत के नए मुख्य कोच मनोलो मार्केज उन्हें संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने में सफल रहे। मुख्य कोच ने उन्हें एएफसी एशिया कप 2027 के क्वालिफायर्स के अंतिम दौर के लिए टीम से जुड़ने का आग्रह किया था। अपने जमाने के दिग्गज स्ट्राइकर और एआईएफएफ की तकनीकी समिति के प्रमुख विजयन भी छेत्री की वापसी पर उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय टीम के दृष्टिकोण से यह अच्छा फैसला है। आप मुझसे पूछ रहे हैं कि आप एक 40 वर्षीय खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के लिए वापस बुला रहे हैं, लेकिन पहले भी ऐसा होता रहा है। आप रोजर मिल्ला को देखें, जिन्होंने (38 साल की उम्र में) संन्यास से वापसी करके कैमरून को 1990 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में मदद की थी। उम्र कोई कारक नहीं है, फिटनेस मायने रखती है और सुनील बेहद फिट हैं और वह बहुत अच्छा खेल भी रहे हैं।'

### आईएसएल के फॉर्म पर लिया गया फैसला

छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में बेंगलुरु एफसी की तरफ से खेलते रहे। वह इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में अभी तक 23 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के कारण ही राष्ट्रीय कोच ने उन्हें राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए कहा। आईएसएल में उनके प्रदर्शन से एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे भी प्रभावित थे। चौबे ने कहा, ह्यसुनील की नेतृत्व क्षमता बेजोड़ है। उनके जैसा खिलाड़ी पूरी टीम को प्रेरित कर सकता है। आईएसएल में उनकी फॉर्म भी शानदार रही है। उन्होंने 12 गोल किए हैं और उनके जैसे स्ट्राइकर से भारत को काफी फायदा हो सकता है।'

# भारतीय टीम में चयन के लिए सरकारी पर्यवेक्षक की निगरानी में होंगे ट्रायल, इसकी वीडियोग्रॉफी भी होगी




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम में चयन को लेकर होने वाले विवादों और अदालती चक्करों से बचने के लिए खेल मंत्रालय ने चयन नीति में संशोधन कर राष्ट्रीय खेल संघों को इन्हें लागू करने के आदेश दिए हैं। अब कोई भी खेल संघ भारतीय टीम का चयन अचानक ट्रायल बुलाकर नहीं करा पाएगा। ट्रायल की सूचना खिलाड़ियों को 15 दिन पहले देनी पड़ेगी। ट्रायल वीडियोग्रॉफी के बिना आयोजित नहीं किए जाएंगे। ट्रायल की वीडियो मंत्रालय और साई को भेजनी होगी। टीमों के ट्रायल मंत्रालय के पर्यवेक्षकों की निगरानी में होंगे।

### शिकायत निवारण समिति गठित करनी होगी

नई नीति के अनुसार खेल संघों को खिलाड़ियों के लिए एक समान चयन नीति और शिकायत निवारण प्रणाली लागू करनी होगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल महासंघों को स्पष्ट किया था कि खेल संघ चयन में पारदर्शिता अपनाते हुए खिलाड़ियों के साथ कानूनी टकराव से बचें। हाल के दिनों में कुश्ती, निशानेबाजी और कुछ शीतकालीन खेलों की प्रतियोगिताओं के दौरान चयन को लेकर काफी विवाद सामने आए। हर ट्रायल से पहले खेल संघों को मंत्रालय को सूचित करना होगा।

### निजी कोच भी बन सकेंगे टीम का हिस्सा

शिकायत निवारण समिति को सात दिन के अंदर फैसला देने को कहा गया है। फैसले के खिलाफ अपील समिति भी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। चयन समिति का कोई भी सदस्य शिकायत निवारण समिति का हिस्सा नहीं होगा। खिलाड़ियों के साथ लगातार जुड़े रहने वाले उनके निजी कोच या सपोर्ट स्टाफ का भी टीम में चयन मेरिट के तहत किया जा सकता है।

# कोहली 95 रन बनाते ही रच देंगे इतिहास

## सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने का मौका



**मुंबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया की भिड़ंत न्यूजीलैंड की टीम से होगी। दोनों टीमों के बीच 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खिताबी मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड की टीम को 44 रनों से मात दी थी। हालांकि इसके बावजूद टीम इंडिया फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को बिल्कुल भी हल्के में लेने की कोशिश नहीं करेगी। इस मुकाबले में एकबार फिर से सभी की नजरें अब तक चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में चल रहे विराट कोहली के प्रदर्शन पर टिकी रहने वाली हैं। कोहली भले ही ग्रुप स्टेज के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ बड़ी पारी खेलने में कामयाब नहीं हो सके लेकिन इसके बावजूद वनडे में उनका कीवी टीम के खिलाफ रिकॉर्ड काफी बेहतर देखने को मिलता है। वहीं विराट कोहली के पास फाइनल मुकाबले में सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ने का मौका होगा।

विराट कोहली ने अब तक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 4 मैचों में खेलते हुए 72.33 के औसत से 217 रन बनाए हैं, जिसमें उनके और रचिन रवींद्र के बीच इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में जबरदस्त जंग देखने को मिल रही है। रचिन अब तक 2 शतकीय पारियों के दम पर कुल 226 रन बनाने में कामयाब हुए हैं।

### 95 रन बनाते ही रचेंगे इतिहास

भारतीय टीम की तरफ न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम पर है, जिन्होंने कीवी टीम के खिलाफ 42 वनडे मैचों की 41 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 46.05 के औसत से कुल 1750 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतकीय और 8 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं। वहीं विराट कोहली अब तक न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 32 मैच खेल चुके हैं और उन्होंने 32 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 57.10 के औसत से 1656 रन बनाए हैं। ऐसे में कोहली यदि फाइनल मुकाबले में 95 रन और बनाने में कामयाब होते हैं तो वह भारत की तरफ से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। कोहली अब तक न्यूजीलैंड के खिलाफ 6 शतकीय और 9 अर्धशतकीय पारियां खेल चुके हैं।

# डब्लूपीएल में मुंबई की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अमेलिया केर (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी और हेली मैथ्यूज (68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन से गुरुवार को यहां ब्ल्यूपीएल के मैच में यूपी वारियर्स को नौ गेंद रहते छह विकेट से पराजित कर उसकी प्लेऑफ की उम्मीद खत्म कर दी।




मुंबई इंडियंस ने इस जीत से अपने नेट रन रेट में इजाफा किया और वह आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स से दो अंक पीछे है और उसका एक मैच भी बचा है। उसके पास शीर्ष पर पहुंचकर फाइनल में सीधे जगह बनाने का मौका है। डब्ल्यूपीएल में शीर्ष टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीम एलिमिनेटर खेलती हैं। यह यूपी वारियर्स की लगातार तीसरी हार थी जिससे वह चार अंक लेकर निचले स्थान पर बरकरार है। मैथ्यूज ने इस सत्र में अपनी दूसरी अर्धशतकीय पारी के लिए 46 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के जड़े, उन्होंने गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी अपने नाम किए थे। वह 14वें ओवर में 127 रन के स्कोर पर आउट हुईं लेकिन तब तक टीम जीत के करीब पहुंच गई थी। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल (55 रन) के अर्धशतक से शानदार शुरूआत करने वाली यूपी वारियर्स केर (38 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 150 रन ही बना सकी और मुंबई इंडियंस ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 153 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।

इससे पहले यूपी वॉरियर्स ने जॉर्जिया (33 गेंद,12 चौके) और सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस (28 रन, तीन चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 74 रन की भागीदारी से अच्छी शुरूआत की। पर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने से उसके लिए फिर कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। अपना दूसरा ही डब्ल्यूपीएल मैच खेल रही जॉर्जिया ने केर पर लगातार तीन चौके जड़ डाले। हेली मैथ्यूज ने हैरिस को आउट करके नियमित अंतराल पर विकेट लेने की शुरूआत की।

### बैटिंग में नहीं चलीं केर

मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने केर की शानदार गेंदबाजी के बाद उन्हें इस सत्र में पहली बार पारी के आगाज के लिए भेजा था लेकिन वह 10 रन बनाकर आउट हो गईं और इस मौके का फायदा नहीं उठा सकीं। नैट साइवर ब्रंट (37 रन, 23 गेंद, सात चौके) ने मैथ्यूज का अच्छा साथ निभाया और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 58 गेंद में 92 की साझेदारी निभाकर जीत की नींव रखी। नैट साइवर ब्रंट नेइस दौरान डब्ल्यूपीएल में 800 रन भी पूरे किए और वह ऐसा करने वाली चौथी बल्लेबाज बनी।

# साउदी और फिलेंडर ने शमी का समर्थन किया




**नई दिल्ली।** भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी ने हाल ही में क्छउ से गेंद पर लार लगाने से बैन हटाने की मांग की थी। अब न्यूजीलैंड के पूर्व बॉलर टीम साउदी और साउथ अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर वर्नोन फिलेंडर ने शमी की मांग का समर्थन किया है।

शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से टीम इंडिया के 4 विकेट के जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में क्छउ से गेंद पर लार के इस्तेमाल पर बैन हटाने का अनुरोध किया था।

रिवर्स स्विंग वापस लाने के लिए लार का इस्तेमाल की अनुमति मिले शमी ने कहा था कि हम रिवर्स स्विंग पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन गेंद पर लार के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। हम अपील करते रहते हैं कि हमें लार का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि हम खेल में रिवर्स स्विंग वापस ला सकें और यह दिलचस्प हो जाए।

टीम सउदी बोले- गेंद पर लार लगाने का बैन अब हटाया जाना चाहिए शमी के इस बयान का समर्थन करते हुए टीम साउदी ने क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो से बातचीत में कहा कि यह नियम कोविड के कारण लाया गया था, जब वायरस दुनिया भर में फैल रहा था, लेकिन अब इसे हटाने का जोखिम उठाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि एक गेंदबाज के रूप में, आप थोड़ा फायदा उठाना चाहते हैं। हम खेल को आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। यह देखना है कि टीमें 362 रन बनाती हैं और इस प्रारूप में अक्सर 300 से ज्यादा रन बनाती हैं।

# महिला खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी, टेनिस फेडरेशन ने लिया बड़ा फैसला, वेतन से जुड़ा मामला





**नई दिल्ली।** महिला टेनिस टूर पर गर्भवती खिलाड़ियों को अब बारह महीने का सवैतनिक मातृत्व अवकाश मिल सकता है और जो साथी गर्भावस्था, सरोगेसी या गोद लेने के माध्यम से माता-पिता बनते हैं, उन्हें सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष द्वारा प्रायोजित और डब्ल्यूटीए द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत वेतन के साथ दो महीने की छुट्टी मिल सकती है। इस कोष से लाभ के लिये 300 से ज्यादा खिलाड़ी पात्र होंगे जो एक जनवरी से पूर्वव्यापी होगा। डब्ल्यूटीए ने यह नहीं बताया कि कितना पैसा इसमें मिलेगा।

इसके तहत अंडाणु फ्रीज कराने और आईवीएफ जैसे प्रजनन उपचारों के लिये भी अनुदान मिलेगा। हाल ही में कई महिला खिलाड़ी मां बनने के बाद कोर्ट पर लौटी हैं मसलन तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच ने अक्टूबर में मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद खिताब जीता। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स, नाओमी ओसाका, किम क्लिस्टर्स, कैरोलिन वोज्नियाकी और विक्टोरिया अजारेंका ने भी मां बनने के बाद वापसी की।

डब्ल्यूटीए खिलाड़ियों की परिषद की सदस्य और इस पहल में प्रमुख योगदान देने वाली अजारेंका ने कहा, 'हमें महिला खिलाड़ियों से यही फीडबैक मिला है कि वे इसे लेकर बहुत खुश हैं। यह खेल में संवाद को बदलेगा और खेल के अलावा भी यह एक वैश्विक संवाद है और मुझे खुशी है कि हम इसका हिस्सा हैं।' सऊदी अरब का सार्वजनिक निवेष कोष डब्ल्यूटीए और एटीपी रैंकिंग का प्रायोजक है। सऊदी अरब में सत्र के आखिरी डब्ल्यूटीए फाइनल और एटीपी टूनामेंट होते हैं।

> स्वतंत्र अनुबंध वाले और स्व-रोजगार वाले व्यक्तियों को आम तौर पर इस प्रकार के मातृत्व लाभ उपलब्ध नहीं होते हैं। उन्हें अपने लिए उन लाभों का पता लगाना होता है। यह वास्तव में अनूठा और अभूतपूर्व है।
> – पोर्टिया आर्चर, डब्ल्यूटीए के सीईओ



# श्रेयस अय्यर का न्यूजीलैंड के खिलाफ है शानदार रिकॉर्ड

## फाइनल में मचा सकते हैं धमाल



**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि भारतीय टीम का खिताबी मुकाबले में पलड़ा भारी लग रहा है। क्योंकि ग्रुप ए के मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया था जो महज औपचारिकता का मुकाबला था। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में श्रेयस अय्यर पर सबकी नजरें रहेंगी, जिनका 50 ओवर फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का नौवां मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। मिचेल सैंटनर के नेतृत्व वाली न्यूजीलैंड की टीम टूनामेंट में बेहतरीन फॉर्म में हैं। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में चार में से तीन मुकाबले जीते हैं। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 2000 में फाइनल में मिली हार का बदला लेने के इरादे से उतरेगी।

वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रेयस अय्यर का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 8 पारियों में 70.37 के औसत से 563 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 105 रहा है। श्रेयस अय्यर ने 2023 वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 70 गेंद में 105 रन की पारी खेली थी।

श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट शतक भी लगाया है, जोकि उन्होंने अपने डेब्यू नवंबर 2021 में मारा था। श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 पारियों में 990 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 47.14 रहा। उन्होंने पांच अर्धशतक लगाए हैं।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कई मैचों में महत्वपूर्ण साझेदारी करके टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। श्रेयस ने टूनामेंट में 4 मैचों में 48.75 के औसत से 195 रन बनाए हैं। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 79 है। इस साल सात वनडे में श्रेयस अय्यर ने 53.71 के औसत से 376 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार अर्धशतक लगाए हैं।

## 2000 में न्यूजीलैंड ने टाइटल जीता, टीम इंडिया को 63% आईसीसी मैच हराए

# 25 साल बाद फिर चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भिड़ेंगे भारत-न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद फिर एक बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भिड़ने वाले हैं। दोनों 9 मार्च को दुबई में खिताबी मुकाबला खेलेंगे। इससे पहले 2000 में नैरोबी के मैदान पर हुआ फाइनल न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर में 4 विकेट से जीता था।

आईसीसी आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने ही भारत को सबसे ज्यादा परेशान किया है। टीम भारत को 2019 वनडे वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी हरा चुकी है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में तीसरी बार ही भिड़ेंगे

27 साल के चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में दोनों टीमें तीसरी बार भिड़ेंगी। इसी साल ग्रुप स्टेज में भी दोनों का सामना हुआ, तब भारत ने दुबई के ही मैदान पर न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया था। अब 9 मार्च को फिर एक बार दोनों का सामना दुबई के मैदान पर ही होगा।




आईसीसी के सभी टूनार्मेंट में भारत और न्यूजीलैंड के बीच 16 मैच हुए। 10 में न्यूजीलैंड और महज 6 में टीम इंडिया को जीत मिली। हालांकि आईसीसीके वनडे टूनार्मेंट में दोनों ने बराबरी के मैच ही जीते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी और वनडे वर्ल्ड कप में दोनों के बीच 12 मैच हुए, 6 में न्यूजीलैंड और 6 में ही भारत को जीत मिली। भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड आईसीसीके ग्रुप स्टेज मैचों में तो हावी रहता ही है, नॉकआउट स्टेज में भी दबदबा दिखाता है। दोनों के बीच 4 नॉकआउट मैच हुए, 3 में न्यूजीलैंड और महज 1 में भारत को जीत मिली। 2023 से पहले तक तो न्यूजीलैंड ने भारत को तीनों नॉकआउट मैच हराए थे। ये हार 2000 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल, 2019 के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल और 2021 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में मिली थी।

### न्यूजीलैंड को 66% वनडे हरा चुका है भारत

ओवरऑल वनडे क्रिकेट में जरूर टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड पर दबदबा बनाए रखा है। दोनों के बीच 95 मैच हुए, 63 में भारत और महज 30 में न्यूजीलैंड को जीत मिली। यानी भारत का सक्सेस रेट 66% रहा। दोनों ने 1 टाई और 1 बेनतीजा मैच भी खेला।

### पिछले 10 साल में भारत ने 85% वनडे हराए

भारत ने पिछले 10 साल में न्यूजीलैंड पर और भी ज्यादा दबदबा बना लिया है। 2016 से दोनों के बीच 20 वनडे हुए, 17 में भारत और महज 3 में न्यूजीलैंड को जीत मिली। हालांकि, न्यूजीलैंड की 3 में से एक जीत आईसीसीटूनार्मेंट के नॉकआउट स्टेज में आई।

### क्रिस कैर्न्स के शतक से जीता था न्यूजीलैंड



न्यूजीलैंड के पास लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट का इकलौता आईसीसीटाइटल चैंपियंस ट्रॉफी ही है। साल 2000 में भारत ने केन्या, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे और पाकिस्तान को हराया। नैरोबी के मैदान पर फाइनल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। भारत से कप्तान सौरव गांगुली ने 117 और सचिन तेंदुलकर ने 69 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई और बैटर कुछ खास नहीं कर सका और टीम 6 विकेट खोकर 264 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 132 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां क्रिस कैर्न्स ने क्रिस हैरिस के साथ पारी संभाल ली। दोनों ने छठे विकेट के लिए 122 रन की पार्टनरशिप की और भारत को मैच से बाहर कर दिया। कैर्न्स ने शतक लगाया और 2 गेंदे बाकी रहते टीम को जीत दिला दी। कैर्न्स ही प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

# प्रियांशी शर्मा का शुभ विवाह गौरव शर्मा के साथ धूमधाम से संपन्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। धर्मेंद्र शर्मा तथा मीनू शर्मा की सुपुत्री प्रियांशी शर्मा का शुभ विवाह सुरेश शर्मा तथा पवित्रा शर्मा के सुपुत्र गौरव शर्मा के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।**

## न्यूज डायरी

### महिला दिवस के अवसर पर पौधारोपण और टीम निर्माण कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद में जीटीटी (ग्लोबल टैलेंट ट्रैक) ने सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के रूप में पौधारोपण और टीम निर्माण गतिविधियाँ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला दिवस के अवसर पर कॉपोर्रेट के लगभग 250 कर्मचारियों के साथ-साथ पीजीडीएम और बीबीए की 60 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विशिष्ट व्यक्तियों में डॉ. अजय कुमार, निदेशक - आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, डॉ. सुनील कुमार पांडे, निदेशक - आईटीएस यूजी एंड आईटी, गाजियाबाद उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। कॉपोर्रेट कर्मचारिओं द्वारा छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान दिया गया।

### संकेत 2025 : एसडीजीआई ने किया 2 दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संकेत 2025 के उद्घाटन समारोह की शुरूआत एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आई.जी.), रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, उपनिदेशक एवं सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. दीपा कंवर भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में सभी प्रमुख, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

कला, संगीत और संस्कृति के इस भव्य उत्सव में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया, जिनमें शामिल हैं -गलगोटिया यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, आईटीएस, आईएमएस, एकेजी, काईट, आरकेजीआईटी, आईएएमआर, आईएमआर, शहीद राजगुरु (डीयू), पीजीडीएवी, एमएआईएमएस, मोतीलाल नेहरू (डीयू), एसपीएमसी (डीयू), बीबीडीआईटी, एबीईएस, एडीजीआईपीएस, मैत्रेयी कॉलेज (डीयू), देशबंधु कॉलेज (डीयू), श्याम लाल कॉलेज (डीयू), हाई-टेक कॉलेज, एचएलएम, राजधानी कॉलेज (डीयू), महाराजा अग्रसेन (डीयू)। प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया, जिनमें शामिल थे - कलाकृति, डांस मैनिया, सा रे गा मा पा (सिंगिंग प्रतियोगिता), नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का सफल समन्वय सांस्कृतिक समिति एवं अनुशासन समिति के सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। संकेत 2025 का दूसरा दिन (8 मार्च) और भी रोमांचक होने वाला है, जिसमें सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ एक शानदार फैशन शो और सेलिब्रिटी नाइट का आयोजन किया जाएगा।

## नगर पालिका के टैक्स बढ़ोतरी पर सपा कार्यकर्ताओं का विरोध

### हापुड़ में पार्टी की मासिक बैठक में डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन देने का लिया निर्णय




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में समाजवादी पार्टी ने नगर पालिका द्वारा की गई टैक्स वृद्धि का विरोध करने का निर्णय लिया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि टैक्स बढ़ोतरी आम जनता के हित में नहीं है। बैठक में तय किया गया कि पार्टी जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पीडीए जन पंचायत अभियान को जनपद के हर गांव और सेक्टर तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए चार नए जिला सचिवों की नियुक्ति की गई। नए जिला सचिवों में यशोदा यादव, राकेश कुमार, धीरज यादव और मोहम्मद हम्माद शामिल हैं। सभी को मनोनयन पत्र सौंपा गया। बैठक में पूर्व मंत्री भूषण त्यागी, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी, इकबाल कुरैशी प्रदेश सचिव समहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष अख्तर मालिक ने किया।

## अलग-अलग स्थानों से गुम हुए मोबाइल फोन, पुलिस ने 100 लोगो के वापस कराये



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा पुलिस बोल रही है , जो फोन आप यूज कर रहे है वो चोरी का है इसे वापस लौटा दीजिए इस तरह से बात करके मिशन सहयोग मिशन के तहत 100 मोबाइल नोएडा वासियों को उनके सुपुर्द किए गए। ये मोबाइल सिर्फ दिल्ली एनसीआर नहीं बल्कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा से रिकवर किए गए। हालांकि लोगों ने काफी सपोर्ट किया और फोन नोएडा भेजे। इनमें से कुछ ऐसे भी थे जो मान नहीं रहे थे उनको लीगल एक्शन का डर भी दिखाया गया।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस तरह से करके करीब 100 मोबाइल रिकवर किए गए। इन मोबाइल को उनके रियल आर्नर को दिया गया। कैसे रिकवर किए गए मोबाइल डीसीपी ने बताया कि सबसे पहले नोएडा के सभी थानों में दो साल में दर्ज फोन चोरी की शिकायतों को निकलवाया गया। उनके फोन के ईएमआई नंबर को ट्रैक किया गया। जिसमें से करीब 100 लोगों के फोन अलग-अलग स्थानों पर चलते पाए गए। डेटा बेस के जरिए मोबाइल में चल रहे नंबर को निकाला गया। उनको आपसी सहयोग मिशन के तहत फोन किया गया।

### 90 प्रतिशत सहयोग से माने

इसमें से 90 प्रतिशत लोग ऐसे थे। जिनको बताया गया कि आप इस समय जो फोन यूज कर रहे है वो चोरी का है। आपके पास इसके कागज नहीं है। ये फोन वापस कर दीजिए। जिसके बाद लोगों ने कोरियर और कई लोग खुद आए और फोन वापस करके चले गए। कुछ ऐसे भी लोग थे जिनको लीगल एक्शन के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद मोबाइल वापस किए गए।

### पिछले माह 200 मोबाइल किए वापस

पिछले महीने भी 200 मोबाइल फोन इसी मिशन सहयोग के तहत लोगों को वापस दिलाए गए गए थे। डीसीपी ने बताया कि ये अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि ये मोबाइल भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटों, बसों, सुबह-शाम टहलते समय मोबाइल गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे।

## खोड़ा नगर पालिका की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से आठ प्रस्ताव पारित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका की बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ, जिसमे सर्वसम्मति से आठ प्रस्ताव पारित हुए बोर्ड बैठक में दो समितियां भी बनाई गई। बोर्ड बैठक में सरकारी स्कूलो की मरम्मत, खोड़ा के मुख्य चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, साइन बोर्ड की मरम्मत सहित के प्रस्ताव पारित किए गए।

पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा की अध्यक्षता और सभी सभासदों की मौजूदगी में हुई। अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार मौजूद रहे। वही बैठक में कुल 9 प्रस्ताव रखे गए। इनमें 8 को मंजूरी दी गई।

बोर्ड बैठक में कुल नो प्रस्ताव रखे गए, जिसमे आठ प्रस्ताव पारित हुए। बोर्ड बैठक में भवन निर्माण समिति और स्वच्छता समिति बनाई गई। के सभासद रामवीर यादव को भवन निर्माण समिति का अध्यक्ष और राहुल राजोरिया को स्वच्छता समिति का अध्यक्ष बनाया गया प्रत्येक समिति में सभासद भी सदस्य रहेंगे। इसके अलावा सभासद राजवीर शर्मा ने श्मशान घाट का प्रस्ताव रखा, जिसको भी पास कर लिया गया। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार, सभासदों में सीपी शर्मा, सुनील यादव, अनुपम सिंह, पूजा, बिंदु, भरत शर्मा, शाहिद मलिक, सरोज देवी, सतीश गुप्ता, रामवीर यादव, राजेश शर्मा, सोनू जोशी, गजेंद्र नेगी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## जेएमएसआईटी ने किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएसआईटी गाजियाबाद ने शुक्रवार को डीवी ग्रुप के सहयोग से एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य संस्थान के छात्र-छात्राओं को बेहतरीन करियर के अवसर प्रदान करना और 100% प्लेसमेंट सुनिश्चित करना था। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.टेक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए एवं अन्य स्नातक कोर्स के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डीवी ग्रुप द्वारा दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के विभिन्न पदों के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में 195 छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई, जिसमें पहले चरण में ग्रुप डिस्कशन और दूसरे चरण में पर्सनल इंटरव्यू शामिल था। पहले चरण में सभी 195 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 70 उम्मीदवारों को अंतिम चरण के लिए चयनित किया गया। पर्सनल इंटरव्यू के बाद 47 छात्र-छात्राओं का एक ही दिन में चयन किया गया और उन्हें तुरंत जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है कि एक ही दिन में इतने अधिक उम्मीदवारों का चयन हुआ। जेएमएसआईटी गाजियाबाद के सचिव, डॉ. हिमांशु सिंहल ने डीवी ग्रुप को इस प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि डीवी ग्रुप की टीम के साथ काम करना संस्थान के लिए एक शानदार अनुभव रहा और भविष्य में भी यह साझेदारी जारी रहेगी, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतरीन करियर अवसर मिलते रहेंगे। संस्थान के निदेशक, प्रो. डॉ. अनिरुद्ध बिस्वास, एवं प्राचार्य, प्रो. डॉ. प्रवीण गुप्ता ने सफल उम्मीदवारों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य प्राप्त करते हुए अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन करें।

## सम्मान




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** माया ममता चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। गीतांजलि आर्ट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में यह सम्मान मिला। ममता गुप्ता ने आयोजक सुषमा कक्कड़ तथा सुनीता अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। ममता गुप्ता इन दिनों संगीत के क्षेत्र में काम कर रही हैं। नशा मुक्त भारतवर्ष के लिए चलाए गए अभियान में उनकी अहम भूमिका रही है। उन्हें उनके सामाजिक योगदान के लिए कई बार बड़े मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है।

# आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती, इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा, आयरलैंड में बोले जयशंकर

**लंदन।** आयरलैंड में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन में अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में। इस दौरान उन्होंने कई विदेशी नीति मुद्दों पर बात की और 1985 में हुए एयर इंडिया विमान आतंकवादी हमले का जिक्र किया, जिससे भारत और आयरलैंड के बीच आतंकवाद के खिलाफ साझा दृष्टिकोण को उजागर किया। उन्होंने बताया कि आयरलैंड के वेस्ट कॉर्क गांव अहाकिस्ता में उस हमले में मारे गए 329 लोगों की याद में एक स्मारक स्थापित है।



**भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा- जयशंकर** विदेश मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो।' उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर भी चर्चा करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है। जयशंकर ने भारत की आर्थिक वृद्धि की दर के बारे में बात करते हुए कहा कि देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा, जिससे भारत और आयरलैंड जैसे मित्र देशों के बीच मजबूत साझेदारी के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के मुक्त व्यापार समझौते पर चल रही लंबी बातचीत का भी उल्लेख किया, जो अब लगभग 23 वर्षों से चल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत और आयरलैंड के बीच मजबूत आर्थिक और शैक्षिक संबंधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आयरलैंड में लगभग 13,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो आयरलैंड के राष्ट्रीय विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने भारत और आयरलैंड के ऐतिहासिक संबंधों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की अहमियत पर भी जोर दिया और कहा कि दुनिया के बदलते दौर में हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और उसकी पूरी महत्ता को समझने की आवश्यकता है।

# 2024 में महिलाओं के अधिकारों पर गहरा संकटहर 10 मिनट में एक महिला की हत्या

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 में दुनिया के लगभग एक चौथाई देशों में महिलाओं के अधिकारों पर संकट और गहरा गया है। इसके साथ ही लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाले प्रयासों पर भी दबाव बढ़ा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुई प्रगति के बावजूद अब तक केवल 87 देशों में ही किसी महिला ने शासन किया है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हर 10 मिनट में एक महिला या लड़की अपने ही परिवार के किसी सदस्य या साथी के हाथों मारी जाती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट वीमेन राइट्स इन रिव्यू: 30 ईयर्स आफ्टर बीजिंग में यह चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में महिलाओं और बच्चियों के अधिकार कमजोर हो रहे हैं, भेदभाव बढ़ रहा है और कानूनी सुरक्षा प्रणाली कमजोर पड़ रही है। साथ ही महिलाओं के समर्थन और सुरक्षा के लिए बनाए गए कार्यक्रमों को पर्याप्त आर्थिक मदद नहीं मिल पा रही है।



### महिला सशक्तीकरण में कुछ ही देश सफल

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में केवल एक फीसदी महिलाएं ऐसे देशों में रहती हैं, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता दोनों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अधिकांश देशों में महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर पुरुषों की तुलना में कम निवेश किया जाता है। रोजगार के अवसर भी सीमित हैं।

# मोदी-शी बैठक के बाद भारत-चीन को सभी स्तरों पर मिले सकारात्मक नतीजे

## बोले- चीन के विदेश मंत्री वांग यी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच पिछले वर्ष रूस के कजान में हुई मुलाकात के बाद दोनों के बीच सभी स्तरों पर सकारात्मक नतीजे मिले हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंधों में ह्यह्यसकारात्मक प्रगतिञ्लञ्ल हुई है और पिछले साल पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से चल रहे सैन्य गतिरोध को समाप्त करने में मिली



सफलता के बाद सभी स्तरों पर उत्साहजनक नतीजे मिले हैं। रूस के कजान में मोदी-जिनपिंग मुलाकात के बाद हालात बदले वांग ने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूछा गया था कि दोनों देशों के बीच संबंधों में लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने के बाद बीजिंग द्विपक्षीय संबंधों को किस तरह देखता है? इसके जवाब में वांग ने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में सफल बैठक के बाद पिछले वर्ष चीन-भारत संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है।

वांग ने संसद के वार्षिक सत्र से इतर कहा कि शी और मोदी दोनों ने कजान बैठक में संबंधों में सुधार के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद, दोनों पक्षों ने नेताओं की महत्वपूर्ण आम समझ का ईमानदारी से पालन किया गया। इससे सभी स्तरों पर आदान-प्रदान और व्यावहारिक सहयोग को मजबूत किया और कई सकारात्मक परिणाम हासिल किए।

**देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी की गई सुनिश्चित :** भारत और चीन ने पिछले साल बातचीत के बाद एक समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख के अंतिम दो टकराव बिंदुओं, देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित की। जिससे पिछले चार साल से अधिक समय से दोनों देशों के बीच चल रहा तनाव बहुत हद तक कम हो गया। समझौते को अंतिम रूप देने के बाद मोदी और शी ने 23 अक्तूबर को कजान में वार्ता की। बैठक में दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर बातचीत फिर से शुरू करने का निर्णय लिया।

इसके बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वांग ने 18 दिसंबर को बीजिंग में 23वीं विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता की। 26 जनवरी को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री चीन की राजधानी गए और 'विदेश सचिव-उपमंत्री' स्तर पर अपने चीनी समकक्ष सुन वेइदोंग से बातचीत की।

# राष्ट्रपति ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के बालों की तारीफ की, बोले- जल्द ही उन्हें धरती पर लाएंगे

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरिक्ष में फंसी अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही उन्हें वापस धरती पर लाने के लिए अंतरिक्षयान भेजेंगे। इस दौरान ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के बालों की भी तारीफ की और कहा कि उनके बाल काफी मजबूत हैं। ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने और उनकी सरकार ने सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में बेसहारा छोड़ दिया और दोनों आठ दिनों के अंतरिक्ष मिशन पर गए थे और अब दोनों को नौ महीने से ज्यादा का



वक्त बीत गया है।

गुरुवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप दक्षिण अमेरिकी देश चिलीने कहा कि 'हमारे दो अंतरिक्षयात्री स्पेस में फंसे हुए हैं। बाइडन ने उन्हें ऊपर ही छोड़ दिया। मैंने मस्क (एलन मस्क) से कहा है कि क्या वे दोनों को धरती पर ला सकते हैं? जिस पर मस्क ने भी सहमति दे दी है और वे दो हफ्ते में अपने अंतरिक्षयान को स्पेस में भेजने की तैयारियों में जुट गए हैं।' इसके बाद मजाकिया अंदाज में ट्रंप ने कहा कि 'मैंने बड़े और मजबूत बालों वाली महिला (सुनीता विलियम्स) को देखा है। उनके बाल बहुत मजबूत हैं। अब हम उन्हें वापस लाने की तैयारी कर रहे हैं और हम उनसे प्यार करते हैं।'

### बीते साल अंतरिक्ष गए थे अंतरिक्षयात्री

ट्रंप ने कहा कि 'जो बाइडन इस देश के इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति रहे हैं और उन्होंने दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में फंसने दिया और कुछ नहीं किया।' एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि 'अंतरिक्षयात्रियों को अब आठ दिन और अंतरिक्ष में रहना पड़ेगा।

# जेलेंस्की बोले- रूस के साथ युद्ध खत्म करने पर अमेरिका के साथ करेंगे बात

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को बताया कि यूक्रेन और अमेरिका के




बीच युद्ध समाप्ति को लेकर वार्ता अगले सप्ताह सऊदी अरब में होगी। जेलेंस्की ने अपने रात्रिकालीन संबोधन में कहा कि वह सोमवार को सऊदी अरब के लिए यात्रा करेंगे और उनकी टीम वहां अमेरिकी अधिकारियों के साथ शांति वार्ता में हिस्सा लेगी।

साथ ही राष्ट्रपति जेलेंस्की ने साऊदी के क्राऊन प्रिंस से मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस से मिलने जा रहा हूं। उसके बाद, मेरी टीम सऊदी अरब में अमेरिकी भागीदारों के साथ काम करेगी। यूक्रेन शांति की ओर सबसे अधिक रुचि रखता है।

# दक्षिण अमेरिकी देश चिली में भूकंप अर्जेंटीना तक लगे तेज झटके

**नई दिल्ली।** गुरुवार को दक्षिणी अमेरिका का देश चिली के उत्तरी क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिपोर्ट के अनुसार इसकी तिव्रता 6.1 की थी। इसके झटके अर्जेंटीना तक महसूस किए गए। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने या कोई बड़ा नुकसान होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। साथ ही भूकंप के बाद चिली में सुनामी की चेतावनी भी जारी नहीं की गई। यूएसजीएस की रिपोर्ट यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र सैन पेड्रो डी अटाकामा शहर से 104 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था, जो बोलीविया की सीमा के पास स्थित एक छोटा सा शहर है। भूकंप की गहराई 93 किलोमीटर थी और यह दोपहर 12:21 बजे आया। साथ ही मामले में चिली की राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने भूकंप को मध्यम तीव्रता का बताया। एजेंसी ने कहा कि वह किसी



भी संभावित नुकसान का आकलन करती रहेगी। एजेंसी ने यह भी बताया कि भूकंप से ₹सुनामी उत्पन्न करने की स्थिति नहीं बनी है। एक नजर चिली पर.. बता दें कि दक्षिणी अमेरिका का देश चिली रिंग ऑफ फायर में स्थित है, जहां टेक्टोनिक प्लेट्स के टकराने से भूकंप और सुनामी आती हैं।

# यमन और जिबूती के तट पर प्रवासियों से भरी नाव पलटी

## कम से कम दो लोगों की मौत और 186 लोग लापता

**काहिरा।** मध्य-पूर्व एशियाई देश यमन और अफ्रीकी देश जिबूती के तट पर प्रवासियों से भरी चार नावों के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में अभी तक दो लोगों की मौत हो चुकी है और कुल 186 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस घटना की जानकारी संयुक्त राष्ट्र प्रवास एजेंसी की तरफ से दी गई है।



### यमन और जिबूती के तटों पर पलटी चार नौकाएं

मामले में अंतर्राष्ट्रीय प्रवास संगठन के प्रवक्ता तमीम एलीयन ने बताया कि गुरुवार को यमन के तट पर दो नौकाएं पलट गईं। जिसमें दो चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया, लेकिन 181 प्रवासी और पांच यमन चालक दल के सदस्य लापता हैं। उन्होंने बताया कि लगभग उसी समय छोटे से अफ्रीकी देश जिबूती के तट पर दो अन्य नौकाएं पलट गईं। दो प्रवासियों के शव बरामद किए गए और उनमें सवार सभी लोगों को बचा लिया गया।

**2024 में 558 लोगों की हो चुकी है मौत- आईओएम** आईओएम के अनुसार, 2024 में लाल सागर और अदन की खाड़ी को पार करते हुए हॉर्न ऑफ अफ्रीका से यमन की ओर जाने वाले कई प्रवासियों की तरफ से इस्तेमाल किए जाने वाले मार्ग पर 558 लोगों की मौत हो गई। वहीं 2023 में यमन पहुंचने वाले प्रवासियों की संख्या 97 हजार 200 तक पहुंच गई - जो साल 2021 की संख्या से तीन गुनी है।

### एक दशक में कुल 2,082 प्रवासी हुए लापता

इस महीने आईओएम की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल यह संख्या घटकर 61 हजार से कुछ कम रह गई, संभवतः ये कमी जल क्षेत्र में अधिक गश्त के कारण दर्ज की गई है। आईओएम के अनुसार, पिछले एक दशक में कम से कम 2,082 प्रवासी इस मार्ग से गायब हो गए हैं, जिनमें से 693 के डूब जाने की जानकारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में यमन में लगभग 380,000 प्रवासी हैं।

# स्पेसएक्स का स्टारशिप मेगा रॉकेट परीक्षण फिर असफल, उड़ान के कुछ मिनटों बाद ही यान से संपर्क टूटा

**टेक्सास।** स्पेसएक्स का गुरुवार को एक और विशाल स्टारशिप रॉकेट प्रक्षेपण असफल हो गया। एलन मस्क की स्पेसएक्स ने गुरुवार को अपने विशाल स्टारशिप रॉकेट के ऊपरी हिस्से को एक भयंकर विस्फोट में खो दिया। इस साल, दूसरी बार स्टारशिप के परीक्षण के दौरान यह विस्फोट हुआ है। घटना के बाद बहामास के आसमान में लाल-गर्म मलबे की बारिश देखी गई। घटना के बाद संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने कुछ समय के लिए इलाके को ₹मलबा प्रतिक्रिया क्षेत्र₹ सक्रिय कर दिया, जिससे न्यूयॉर्क और फिलाडेल्फिया से मियामी तक के हवाई अड्डों से उड़ानों में देरी हुई।

एजेंसी ने पुष्टि की है कि स्पेसएक्स को दोबारा उड़ान भरने से पहले दुर्घटना की जांच करानी होगी। असफलता के बावजूद, स्पेसएक्स के ₹तेजी से असफल हो , तेजी से सीखो₹ दृष्टिकोण ने उसे दुनिया का प्रमुख प्रक्षेपण सेवा प्रदाता बनने में मदद की है। 403 फुट (123 मीटर) लंबा



रॉकेट टेक्सास से सूर्यास्त के कुछ पहले लॉन्च किया गया था। पहले चरण के बूस्टर को सफलतापूर्वक वापस पैड पर पकड़ लिया गया, लेकिन अंतरिक्षयान के ऊपरी हिस्से में मौजूद इंजनों के बंद होने के कारण यह नियंत्रण से बाहर हो गया।

### संपर्क टूटने से पहले ही आनी शुरू हो गईं मुश्किलें

उड़ान की कुल अवधि लगभग एक घंटे की थी, जिसमें अंतरिक्षयान को 90 मील (150 किलोमीटर) की ऊंचाई तक पहुंचना था। लेकिन संपर्क टूटने से पहले ही मुश्किलें शुरू हो गईं और अंतरिक्षयान एक असंतुलित स्थिति में चला गया। स्पेसक्राफ्ट की सही स्थिति का अभी पता नहीं चल पाया है। स्पेसएक्स के उड़ान टिप्पणीकार डैन हूट ने कहा, ₹दुर्भाग्य से यह पिछली बार भी हुआ था, इसलिए हमें अब इसका अभ्यास हो गया है। स्टारशिप रॉकेट के जरिए मंगल पर मानव मिशन भेजना चाहते हैं मस्क स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क का लक्ष्य स्टारशिप रॉकेट के माध्यम से मंगल ग्रह पर मानव मिशन भेजना है। नासा ने भी इस दशक के अंत में अपने अंतरिक्षयात्रियों को चांद पर ले जाने के लिए स्टारशिप को बुक किया है।

इस परीक्षण उड़ान के दौरान, स्टारशिप के पास चार मॉक सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में छोड़ने का अभ्यास था, जो कि स्पेसएक्स के स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों के समान थे। लेकिन यह मुमकिन नहीं हो पाया। स्पेसएक्स ने दुर्घटना के बाद कई सुधार किए हैं और संघीय उड्डयन प्रशासन ने स्टारशिप को दोबारा लॉन्च की मंजूरी दी है। लेकिन इस परीक्षण उड़ान में संपर्क टूटने से अब भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं। स्पेसएक्स का कहना है कि पिछली दुर्घटना के बाद की गई सुधारों के बावजूद, इसे पूरी तरह से नियंत्रित करना अब भी एक बड़ी चुनौती है।

# असद के वफादारों ने सीरियाई बलों पर घात लगाकर किया हमला

**नई दिल्ली।** सीरिया में असद के वफादारों ने सीरियाई बलों पर घात लगाकर हमला बोल दिया। इस दौरान कम से कम 13 पुलिस अधिकारियों को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के मुताबिक, बंदूकधारियों ने गुरुवार को तटीय शहर




में सीरियाई पुलिस गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें कम से कम 13 सुरक्षाकर्मी मारे गए। कई अन्य घायल भी हुए हैं। हमला ऐसे समय में हुआ है, जब सीरिया के तटीय क्षेत्र में पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के अल्पसंख्यक अलावी संप्रदाय और इस्लामी समूहों के सदस्यों के बीच तनाव बढ़ गया है। दिसंबर की शुरूआत में इस्लामवादी हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व में विद्रोही समूहों के हमले में असद के शासन को उखाड़ फेंका गया था। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की मानें तो लताकिया शहर के पास जबलेह शहर में घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए। निगरानी समूह के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने कहा कि पुलिस बल पर घात लगाने वाले बंदूकधारी अलावी हैं। अब्दुर्रहमान ने कहा, 'शासन के पतन के बाद से ये सबसे भीषण झड़पें हैं।' दमिश्क में एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि घात लगाकर किए गए हमले में जनरल सिक्योरिटी निदेशालय के 13 सदस्य मारे गए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बात की।

# अमेरिका के नौसैनिक स्टेशन पेंसाकोला पर गोलीबारी, हमलावर का सुराग नहीं

## फिलहाल कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** फ्लोरिडा के नौसैनिक स्टेशन पर गोलीबारी की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नौसेना वायु स्टेशन पेंसाकोला पर



गोलीबारी करने वाले हमलावर की तलाश की जा रही है। एस्कैम्बिया काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हमले की सूचना मिलने के तत्काल बाद मौके पर मौजूद अधिकारी एनएएस पेनसाकोला के कॉरी स्टेशन पहुंचे।

### हमलावर के पकड़े जाने की सूचना नहीं

फ्लोरिडा के नौसैनिक स्टेशन पर गोलीबारी के संबंध में शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता मॉर्गन लुईस ने बताया कि मौके पर अधिकारियों के पहुंचने के बाद भी हमलावर के पकड़े जाने की सूचना नहीं है।

# स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में 9 मार्च को होगा कश्यप निषाद संगठन का अधिवेशन

## अधिवेशन में आए प्रतिनिधियों को महाकुंभ का जल उपलब्ध कराया जाएगा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कश्यप-निषाद समाज की ओर से 9 मार्च को राजनगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिसोर्ट में बड़ा अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इसकी कमान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और निषाद-कश्यप समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप संभाल रहे हैं।

### उत्तर भारत के सभी प्रांतों से आएंगे प्रतिनिधि

**करंट क्राइम।** नरेंद्र कश्यप की अगुवाई में होने वाले इस आयोजन में पूरे उत्तर भारत सहित कई अन्य प्रदेशों से कश्यप निषाद समाज के कार्यकर्ता पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य शामिल होंगे।

### कश्यप समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने को लेकर हो सकती है चर्चा

**करंट क्राइम।** इस कार्यक्रम में जहां कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने को लेकर रणनीति बनाई जाएगी, तो वहीं बीते दिनों हुए महाकुंभ के आयोजन के बाद अब गंगाजल वितरित करने का कार्यक्रम भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार कश्यप निषाद समाज के लोगों से संपर्क कर रहे हैं, बैठकर की जा रही है और लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### राज नगर एक्सटेंशन में होगा कार्यक्रम, सजेगा भव्य मंच

**करंट क्राइम।** कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, केरल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर चुके। 9 मार्च को सुबह अधिवेशन से शुरू होने वाले कश्यप निषाद का आयोजन राज नगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिसोर्ट में किया जा रहा है। यहां बड़ा भव्य मंच सजाया जाएगा । जिसमें तमाम प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को मंच पर स्थान दिया जाएगा।

### पांच अप्रैल को भी होगा अधिवेशन, गाजियाबाद में ओबीसी समाज का बड़ा आयोजन

**करंट क्राइम।** ओबीसी समाज को एकजुट कर भारतीय जनता पार्टी को ताकत प्रदान करने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्रत राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप 9 मार्च के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के बाद 5 अप्रैल को एक बड़ा आयोजन करेंगे। इसमें ओबीसी समाज का महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। जिसमें कई प्रदेशों के प्रतिनिधि और भाजपा व ओबीसी समाज की राजनीति करने वाले बड़े चेहरे भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने की जानकारी है।

### घर-घर तक पहुंचाया जाएगा प्रयागराज से लाया गया गंगाजल

**करंट क्राइम।** कश्यप निषाद समाज के अधिवेशन में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को गंगाजल प्रदान किया जाएगा। गंगाजल प्रयागराज के त्रिवेणी घाट से मंगाया गया है। गंगाजल को वितरित करने का 9 मार्च को कार्यक्रम रखा गया है जिसमें कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारी लोगों को गंगाजल प्रदान करेंगे और महाकुंभ के सफल आयोजन के बारे में जानकारी भी देंगे।

# 'पुलिस चेकिंग में नंदग्राम थाना क्षेत्र से पकड़े गये सबसे ज्यादा पियक्कड़'





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष अभियान में 606 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया।

पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। उनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 267 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 61, विजयनगर से 57, सिहानी गेट से 22, नंदग्राम से 66, कवि नगर से 36 और मधुबन बापूधाम से 25 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 189 लोगों पर कार्रवाई हुई। इनमें लोनी से 22, ट्रॉनिका सिटी से 25, अंकुर विहार से 13, लोनी बॉर्डर से 14, मसूरी से 16, मुरादनगर से 41, मोदीनगर से 12, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 8, वेव सिटी से 10 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 24 लोग शामिल हैं।

## जीडीए उपाध्यक्ष और अपर सचिव की उपस्थिति में अनाधिकृत निर्माण ध्वस्त

### टीन शेड डालकर चोरी छुपे अवैध तरीके से की जा रही थी प्लॉटिंग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स को सूत्रों से जानकारी मिली थी कि प्रवर्तन जोन-5 के अंतर्गत एनएच 24 के पास रोहन एन्क्लेव एवं सद्भावना कॉलोनी के बीच अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए जीडीए वीसी ने अपर सचिव के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया कि खसरा संख्या 2032, 2033, 2034, 2035, 2036, 2037, 2038, 2039 एवं 2040 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में टीन शेड डालकर अंदर चोरी छुपे अवैध तरीके से प्लॉटिंग की जा रही थी। स्थल पर तुरंत प्रवर्तन जोन-5 की टीम की उपस्थिति मे कालोनाइजर की जेसीबी मशीन से ही कार्रवाई शुरू करायी और मौके पर बनाई गई चारदीवारी, पक्की एवं मिट्टी की सड़कें तथा अन्य अवैध निर्माण को पूरी तरह जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त करा दिया गया। इस कार्रवाई में मैसर्स टंडन कंस्ट्रक्शन, मनोहर लाल टंडन, दरबारी लाल टंडन, सुभाष चंद्र एवं उनके पुत्र मृदुल मल की संलिप्तता पाई गई, जो अवैध रूप से कॉलोनी काटने का कार्य कर रहे थे।

गाजियाबाद में अवैध निर्माण को रोकने के लिए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने स्पष्ट कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत किसी भी अवैध कॉलोनी या अनाधिकृत निर्माण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे ही औचक निरीक्षण करते हुए अवैध निर्माण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## स्व. हरप्रसाद शास्त्री के स्मृति दिवस पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कल होगा आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कई दशक पहले गाजियाबाद में कवि सम्मेलनों की शुरुआत करने वाले महान हिंदी सेवी स्व. हरप्रसाद शास्त्री की 33वीं पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 9 मार्च, रविवार की दोपहर होगा। हर प्रसाद शास्त्री चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से ये आयोजन 9 मार्च को दोपहर एक बजे से जानकी सभागार, कविनगर रामलीला मैदान में (स्टेज के नीचे) किया जाएगा।

### अमेरिका से गाजियाबाद आकर परिजन कर रहे हैं कार्यक्रम

**करंट क्राइम।** इस आयोजन के लिए स्व. हर प्रसाद शास्त्री के कनिष्ठ पुत्र जितेंद्र कुमार (अध्यक्ष हरप्रसाद शास्त्री चैरिटेबल ट्रस्ट), कनिष्ठ पुत्री मधु शर्मा एवं दमाद संजय प्रकाश शर्मा विशेष रूप से अमेरिका से गाजियाबाद आए हैं।

### 4 रचनाकर व 12 मेधावी विद्यार्थी भी होंगे सम्मानित

**करंट क्राइम।** जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस अवसर पर श्री सनातन धर्म इन्टर कॉलेज के 6 छात्रों (अभिषेक गुप्ता, अंकुश, अमन कश्यप, तन्मय शुक्रालय, प्रियांशु व कुणाल साईं) एवं कन्या वैदिक विद्यालय इन्टर कॉलेज की 6 छात्राओं (सुनीता, स्नेहा सिसोदिया, सिया, गरिमा सैनी, मधु बाला व पारुल समानिया) को सम्मानित किया जाएगा । इसी के साथ-साथ तीन कवियों एवं एक कवयित्री को भी हर प्रसाद शास्त्री जी के नाम का सम्मान देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले रचनाकारों में विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज, ओज के राष्ट्रीय कवि डॉ अर्जुन सिसोदिया और युवा हस्ताक्षर कल्पना शुक्ला व संकल्प जैन शामिल हैं। काव्य पाठ करने वाले अन्य कवि एवं कवयित्री सुश्री अंजु जैन, राज कोशिक, मनोज कुमार मनोज, डॉ. सतीश वर्धन और मधु शर्मा (अमेरिका) हैं। कवि सम्मेलन का संचालन विख्यात शायर एवं पत्रकार राज कौशिक करेंगे। विभिन्न क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तियों एवं काव्य प्रेमियों की कार्यक्रम में उपस्थित रहेगी।

## डीएम व एसपी ने महाकुंभ के पवित्र गंगाजल के वितरण का किया शुभारंभ





**रायबरेली करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश द्वारा महाकुम्भ मेला प्रयागराज 2025 की समाप्ति के उपरान्त जो श्रद्धालु किन्ही कारणों से महाकुम्भ मेला प्रयागराज में अमृत स्नान करने नही पहुँच पाये है, उन श्रद्धालुओं को महाकुम्भ मेला में ड्यूटी में गये फायर टेण्डरों के माध्यम से उनके जनपद में प्रयागराज महाकुम्भ से पवित्र अमृत गंगाजल को वितरित करने के लिए लगाया गया है। जनपद में श्रद्धालुओं को वितरण हेतु दो फायर टेण्डरों से प्रयागराज महाकुम्भ का पवित्र अमृत गंगाजल उपलब्ध कराया गया है। गंगाजल को श्रद्धालुओं में वितरित करने का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में पवित्र अमृत गंगाजल वितरण के पश्चात एक फायर टेण्डर तहसील महाराजगंज, लालगंज में पवित्र अमृत गंगाजल के वितरण का कार्य करेगा और दूसरे फायर टेण्डर द्वारा सलोन,ऊँचाहार होते हुए डलमऊ तहसील में श्रद्धालुओं को पवित्र अमृत गंगाजल का वितरण किया जायेगा। रायबरेली नगर में अमृत जल वितरण के पश्चात सभी तहसीलो में उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में महाकुम्भ प्रयागराज का पवित्र अमृत जल वितरण किया गया, और अंत में दोनो ही फायर टेण्डरों में बचे हुए पवित्र अमृत गंगाजल को रायबरेली जनपद में स्थित प्रसिद्ध व ऐतिहासिक शिव मंदिर बाबा बालेश्वर धाम परिसर स्थित कुण्ड में डाल दिया गया जिससे जनपद के ऐसे श्रद्धालु जो किसी कारणवश प्रयागराज महाकुम्भ में अमृत स्नान नहीं कर सकें, वह भी आकर अमृत स्नान करते हुए पुण्य अर्जित कर सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एस0के0 सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण किये जाने के लिए रखा जायेगा। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार—दशम के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आज होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है। इस सूची में न्यायालय स्तरीय, क्रिमिनल मामले, ई-ट्रैफिक चालान, प्रशासन स्तरीय, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाट तथा माप विभाग, नगर पंचायत, बैंक, पुलिस विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), जिला पूर्ति अधिकारी, नगर निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण स्तरीय वादों का निस्तारण किया जायेगा। चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने जनपद के सभी व्यक्तियों एवं वादकारियों से अनुरोध किया है कि 8 मार्च, 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त करें।

# बिल्डर परिवार से 2 करोड़ मांगने वाला अरेस्ट, आरोपी के ऊपर लगी गैंगस्टर

### 16 फरवरी को युवती ने बिल्डर सुशील गुप्ता के खिलाफ रेप का कराया था मुकदमा दर्ज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने रेप केस में सुलह कराने के नाम पर बिल्डर के परिवार से 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना इंदिरापुरम में 16 फरवरी को एक युवती ने बिल्डर सुशील गुप्ता के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में बिल्डर जेल गए थे।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, युवती का रिश्ते का मौसेरा भाई अनुज कसाना और उसका एक साथी सोनू कसाना बिल्डर की पत्नी, बेटे और भतीजे से मुकदमे में सुलह कराने का झांसा देकर पैसे मांग रहे थे। पुलिस को इस मामले में कई साक्ष्य और ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी अनुज कसाना एलएलबी का छात्र है। वह मुरादनगर थाने से गैंगस्टर भी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अनुज को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि सोनू कसाना की तलाश जारी है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बोर्ड बैठक में मेयर सुनीता दयाल ने दे दिया महिला दिवस से एक दिन पहले ही 22 महिला पार्षदों को गिफ्ट? सबको दिया पुरूष पार्षदों से पहले बोलने का मौका? कहने वाले ने कहा मेयर का बहुत ही अच्छा लगा हमें यह अंदाज? भगवा महिला मैम्बरों को अभिव्यक्ति की शक्ति देकर बना दिया उन्होंने महिला दिवस खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बोर्ड बैठक से कुछ दिन पहले पार्षदों की मीटिंग का नेतृत्व करने वाली भाजपा पार्षद शीतल चौधरी की बैठक में अनुपस्थिति बटोर रही थी चर्चा? कहने वाले कह रहे थे जिस दिन आवाज उठाने का पूरा मौका था? उस दिन क्यों बना ली उन्होंने मीटिंग से दूरी? या तो उन्हें किसी ने आने से रोका या थी कुछ और ही मजबूरी? कहने वाले ने कहा मुद्दे उठाने वालों का बैठक में रहना है जरूरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे बोर्ड बैठक में मौजूद? यहां पर मजबूती से नजर आ रहा था भगवा पार्षद गोयल का वजूद? मगर मीटिंग में कुछ ऐसे बने हालात? हमने देखा एक साथ कई जाट पार्षद दिख रहे थे उनसे नाराज? कर रहे थे वो आपस में कुछ हिसाब चुकता करने की बात? कह रहे थे बस बोर्ड बैठक की वजह से हमने खामोश की हुई है अपनी आवाज? कहने वाले ने कहा पार्षद गोयल को अब कुछ दिन अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इससे पहले भगवा मैम्बर नरेश शर्मा पर्ची खोल कर उठाते अपनी आवाज? हमने देखा यहां पर पार्षद सचिन डागर और पार्षद गौरव सौलंकी ने दबा दी उनकी आवाज? छीन ली उनके हाथ से मुद्दे वाली पर्ची? कहने वाले ने कहा हमें समझ नहीं आया मौके पर ये सारा मामला? कहने वाले ने कहा ये सबकुछ मजाक में चल रहा था? आखिर पर्ची खोलने से भी क्या मिल रहा था?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गर्ग साहब के फ्रेम में एक और मित्तल ने काफी मजबूती से बना लिया है स्थान? हम देख रहे हैं आजकल वो अधिकतर कार्यक्रमों में उनके साथ हो रहे हैं कार में सवार? बहुत सारे मुद्दों पर वो उनके साथ कर रहे हैं बैठ कर विचार? कहने वाले ने कहा कि मित्तल जी की इन नजदिकियों ने लगाई हुई है कई सीनों में आग? कहने वाले ने कहा कुछ तो खास है इन मित्तल्स में? जो गर्ग साहब देते हैं इनको इतना भाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम की बोर्ड बैठक में कमांडर विधायक शर्मा जी के खिलाफ जब उठा दी एक पार्षद ने आवाज? इस पार्षद ने कहा विधायक जी अपने फोन से रूकवा देते हैं हमारे काज? हमने देखा इस बात को सुनकर मेयर हो गईं बहुत ज्यादा नाराज? उन्होंने यहां पर लिया पूरी मजबूती से अपने विधायक का स्टैंड? पार्षद को चेतावनी देते हुए कहा? आगे से ऐसा मत कहना, यू बैटर अंडरस्टैंड? सुना है भगवागढ़ के बाकी पार्षदों ने भी संजीव शर्मा के पक्ष में उठा दी आवाज? सभी हो गये स्वरूप से बहुत ज्यादा नाराज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने इस बार क्या सोच कर आये थे बजरंगी भैया डागर और मैम्बर सौलंकी भैया? सुना है जब भी कोई मैम्बर मुद्दा उठा रहा था वो कर रहे थे उसके बीच में छिन-छिनईया? हमने देखा जैसे ही मैम्बर राजकुमार नागर ने उठाई कुछ बोलने के लिए आवाज? उनकी आवाज को इन दोनों के साथ टॉमक्रूज चौधरी और मनोज त्यागी ने भी किया पूरी तरह से दबाने का प्रयास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा पूरी बोर्ड बैठक में मेयर दे रहीं थी सबसे ज्यादा मैम्बर गोयल को भाव? कोई भी जब वो एक्जाम्पल पेश करतीं थीं, उसमें लेती थी मिस्टर गोयल का नाम? कहने वाले ने कहा मेयर का ये लगाव कई भगवा मैम्बरों के चेहरों से खींच रहा था मुस्कान? कहने वाले ने कहा हम यूं ही नहीं खा रहे थे बार-बार इस नाम को सुनने के बाद ताव? आखिर हम भी हैं बोर्ड के मैम्बर, हम भी चाहते हैं थोडा सा मेयर साहब हमको भी दें भाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वैसे ही बहुत ही धीमी आवाज में सुनाई देते हैं पूरी राय के साथ मदन जी के अल्फाज? ऊपर से सितम ये हुआ कि सदन में दबाई जा रही थी उनकी आवाज? जब भी वो मुद्दे को लेकर उठाते थे माईक? तभी मामला हो जाता था उनके साथ आईस-पाईस? देने वाले दे रही नहीं रहे थे उनको कुछ बोलने का मौका? उनकी आवाज को उड़ा ले जा रहा था थोडी-थोडी देर में सदन की अनदेखी का झोंखा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों चल रही है महिम-आ वाले मौहल्ले में भगवा वॉर? सुना है यहां पर प्रेशर पॉलिटिक्स का खेल रहे हैं खेलने वाले किरदार? कर दी हैं यहां के दो पूर्व प्रभावशाली चेहरों ने वर्तमान वालों की पॉवर सीज? काम करने वालों को कह दिया है जो कुछ करना हमसे पूछ कर करना? अगर उनसे पूछ कर किया तो नहीं होगा ठीक? सुना है तमाम काम वाले अब मौजूदा वालों की बात पर नहीं दे रहे हैं ध्यान? उनको बना दिया है बनाने वालों ने बिना ताकत का प्रधान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चंचल भारती के जन्मदिन पर उन्हें बधाई शुभकामनाएं अपार मिली। परिवार के लोगों ने अपना प्यार दिया और उनके लिए सभी खुशियों की कामना की। चंचल भारती के जन्मदिन पर मुस्कान के साथ आई यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।